शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 173 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 19 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पटरी से उतरे चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के आठ डिब्बे, दो की मौत

## दो लोगों की मौत हो गई जबकि 31 घायल, दो गंभीर रूप से घायल यात्रियों को लखनऊ रेफर किया गया







**गोंडा**

उत्तर प्रदेश के गोंडा के पास चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि 31 घायल हैं। दो गंभीर रूप से घायल यात्रियों को लखनऊ रेफर किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेकर स्थानीय प्रशासन को प्रभावित यात्रियों की हरसंभव मदद का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि घायलों को सही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो।

उत्तरी सीमांत रेलवे (एनएफआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने बताया, ट्रेन नंबर 15904 चंडीगढ़ से बुधवार रात 11.59 बजे डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हुई थी। बृहस्पतिवार को ट्रेन गोंडा रेलवे स्टेशन पर दोपहर 2.25 बजे पहुंची और 2.28 बजे यहां से निकली। गोंडा मुख्यालय से करीब 18 किलोमीटर दूर मोतीगंज-झिलाही बाजार के बीच 2.41 बजे ट्रेन बेपटरी होकर पलट गई। एक-एक करके 14 कोच पटरी से उतरकर पलटते गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, हादसे के बाद करीब 500 मीटर तक पटरी उखड़ गई। इलेक्ट्रिक लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की प्रारंभिक वजह बारिश के कारण पटरी के दोनों तरफ जलभराव होने से ट्रैक का बैठना बताया जा रहा है। हालांकि कुछ मीडिया समूहों ने ट्रेन के ड्राइवर के हवाले से बताया है कि उसने दुर्घटना से पहले धमाके की आवाज सुनी थी। हालांकि इसकी रेलवे ने पुष्टि नहीं की है। दुर्घटनास्थल राजधानी लखनऊ से करीब 150 किलोमीटर दूर है। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीणों ने पलटे एसी कोच के शीशे तोड़कर अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। कुछ ही देर में एसडीआरएफ, पुलिस व आरपीएफ के जवानों ने भी मोर्चा संभाल लिया।

## 14 घंटों में खाली होगा रेलवे ट्रैक, हादसे के चलते छह ट्रेनें निरस्त



**गोंडा**

गोंडा में हुए ट्रेन हादसे के बाद ट्रैक को खाली कराने की कवायद शुरू हो गई है। जेसीबी से बोगी हटाई जा रही है। विभागीय सूत्र के अनुसार, ट्रैक खाली करने में करीब 14 घंटे लगेंगे, इसके बाद ट्रेनों का संचालन शुरू हो सकेगा।

रेल महाप्रबंधक शौम्या माथुर व रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने दुर्घटना स्थल का जायजा लिया। बताया जाता है ट्रेन की रफ्तार औसतन 80 किलोमीटर है। दुर्घटना के समय ट्रेन 89 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। मोतीगंज-झिलाहीं स्टेशन के बीच हुए हादसे के चलते छह पैसेंजर ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं, जबकि 22 ट्रेनों का रास्ता बदल दिया गया है। गुरुवार को गोंडा से चलने वाली गोंडा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से कल चलने वाली गोरखपुर-गोंडा सवारी गाड़ी, शुक्रवार को चलने वाली गोरखपुर-बहराइच-गोरखपुर सवारी गाड़ी, गोंडा-नकहा जंगल सवारी गाड़ी, गोरखपुर-बढ़नी-गोरखपुर सवारी गाड़ी व गोरखपुर-नौतनवा-गोरखपुर सवारी गाड़ी कल निरस्त रहेंगी।

इनके अलावा कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस व गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस के अलावा अन्य 22 ट्रेनों का रास्ता बदल दिया गया है।

## शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया

**पूर्वोत्तर** रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने दो रेल यात्रियों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों की शिनाख्त की जा रही है। हादसे में 31 रेल यात्री घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर है। 26 घायलों को मनकापुर सीएचसी व तीन अन्य को सीएचसी काजीदेवर में भर्ती कराया गया है। नौ घायलों को गोंडा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पूर्वोत्तर रेलवे ने जानकारी दी है कि पटरी से उतरी ट्रेन में फंसे यात्रियों को बस से गोंडा के पास मनकापुर स्टेशन लाया जा रहा है। उनके लिए मनकापुर से डिब्रूगढ़ तक रास्ते में स्टॉपेज के साथ एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की गई है।

**सौ किमी थी रफ्तार**

24 कोच वाली ट्रेन के इंजन के बाद एसी के छह कोच लगे थे, जिनमें दो कोच पटरी से उतरकर पलट गए।

## प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से की मुलाकात, हौसला भी बढ़ाया



**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय पहुंचे और वहां कार्यकताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत कर उन्हें संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला भी बढ़ाया। प्रधानमंत्री का भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर पार्टी महासचिव बी एल संतोष सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौटने के बाद कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं से पहली मुलाकात है।

## नीट यूजी परीक्षा पर 'सुप्रीम' आदेश, वेबसाइट पर मार्क्स अपलोड करने के निर्देश



**नई दिल्ली**

**नीट** यूजी परीक्षा में हुई गड़बड़ियों को लेकर बड़ा आदेश देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि छात्रों के मार्क्स वेबसाइट पर अपलोड किए जाएं। साथ ही एनटीए को निर्देश दिया कि अंकों को अपलोड करते समय छात्रों की पहचान गुप्त रखी जाए। कोर्ट ने कहा कि नतीजे शहर और केंद्र के हिसाब से अलग-अलग घोषित किए जाने चाहिए। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए नई तिथि निर्धारित की है, जिसके अनुसार अब नीट परीक्षा में पेपर लीक और गड़बडी का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को आगे की सुनवाई होगी।

सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील नरेंद्र हुडा ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, 'हमने सुप्रीम कोर्ट में वह सारी बातें उठाईं, जो संकेत देती हैं कि पेपर लीक हुआ है। पेपर सिर्फ हजारीबाग और पटना में ही नहीं, बल्कि अन्य जगहों पर भी लीक हुआ है।'

**सोमवार को होगी अगली सुनवाई**

उन्होंने कहा, 'कोर्ट ने अगली सुनवाई सोमवार को करने का निर्णय लिया है। बिहार पुलिस और भारत सरकार को बिहार पुलिस की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लाने का निर्देश दिया गया है और एनटीए को सभी उम्मीदवारों के परिणाम अपनी वेबसाइट पर घोषित करने का निर्देश दिया गया है।

## असम सरकार सरकार का फैसला, राज्य में मुस्लिम विवाह और तलाक कानून हुआ निरस्त



**गुवाहाटी**

**असम** सरकार द्वारा असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम और नियम 1935 को निरस्त कर दिया गया है। सीएम सरमा ने कहा कि इस कानून को खत्म करने का मकसद लैंगिक न्याय और बाल विवाह को कम करने का है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, "असम मुस्लिम विवाह अधिनियम के तहत बाल विवाह की अनुमति थी। हमने इसे खत्म कर दिया और अध्यादेश लाया। अब हम उस अध्यादेश को विधेयक बना देंगे। एक नया कानून आएगा जिसके तहत मुस्लिम विवाह का पंजीकरण 18 और 21 वर्ष की कानूनी आयु सीमा के भीतर सरकारी कार्यालय में होगा... अगर 80% बाल विवाह अल्पसंख्यकों में हो रहे हैं, तो 20% बहुसंख्यक समुदाय में हो रहे हैं। मैं बाल विवाह को धार्मिक दृष्टिकोण से नहीं देख रहा हूं। हमारा प्रयास है कि लैंगिक न्याय हो और बाल विवाह कम हो... असम में बाल विवाह खत्म होने के कगार पर है...।"


आज हमने मुस्लिम विवाह अधिनियम को निरस्त किया और मुस्लिम विवाह पंजीकरण के लिए एक नया कानून लागू करेंगे। बाल विवाह 80% अल्पसंख्यक समुदाय में होता है, और 20% अन्य समुदायों में। लेकिन हमारे लिए यह समस्या धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक है।

## श्रीलंका दौरे पर भारतीय टी-20 टीम के कप्तान होंगे सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टी-20 टीम की कमान सूर्यकुमार यादव को दी गई है, जबकि शुभमन गिल टीम के उपकप्तान होंगे। ईशान किशन को एक बार फिर दरकिनार किया गया है। आईसीसी टी-20 विश्व कप में उपकप्तान की भूमिका में रहे हार्दिक पांड्या को टी-20 टीम में जगह मिली है। वहीं, श्रेयस अय्यर एकदिनी टीम का हिस्सा हैं।

## भारत में एक ग्राम ड्रग्स भी कहीं से आने नहीं देंगे: शाह




**नई दिल्ली**

**ड्रग्स** तस्करी के खिलाफ अभियान में आम जनता की सहभागिता बढ़ाने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'टअठअर' लांच किया। इस हेल्पलाइन की मदद से कोई भी व्यक्ति ड्रग्स की तस्करी से संबंधित जानकारी एजेंसियों के साथ साझा कर सकता है। शाह के अनुसार, यह हेल्पलाइन नशा मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने में काफी अहम साबित होगी। नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर (ठउडफ्ळ) की बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि हम भारत में एक ग्राम ड्रग्स भी न कहीं से आने देंगे और न ही भारत की सीमाओं को ड्रग्स के व्यापार के लिए किसी भी प्रकार से इस्तेमाल होने देंगे।

**ड्रग्स की कमाई वाले पैसे को शाह ने बताया गंभीर खतरा**

उन्होंने कहा कि ड्रग्स का पूरा कारोबार अब नार्को टेरर के साथ जुड़ गया है। ड्रग्स की कमाई से आने वाला पैसा देश की सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है और सरकार इसे पूरी तरह से रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर उन्होंने श्रीनगर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के क्षेत्रीय कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन भी किया।

**मानस हेल्पलाइन को लॉन्च**

'मानस' हेल्पलाइन को लॉन्च करते हुए अमित शाह ने कहा कि इस पर तीन तरह से आम लोगों को ड्रग्स की तस्करी से संबंधित सूचना साझा करने की सुविधा दी गई है। इनमें एक 1933 हेल्पलाइन नंबर है, जिस पर फोन कर जानकारी दी जा सकती है। इसके अलावा मानस पोर्टल पर 'सबमिट ए टिप' सेक्शन में जाकर जानकारी साझा की जा सकती है। तीसरे विकल्प के रूप में ईमेल आईडी इंफोडाटएनसीबीमानस@जीओवीड टइन पर भी जानकारी दी सकती है।

**आपसी तालमेल के साथ होगी कार्रवाई**

शाह ने कहा कि इस पर मिलने वाली जानकारी को पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा और उसके आधार पर एजेंसियां आपसी तालमेल के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि मानस

## शिवराज सिंह चौहान ने किया विंग्स टू अवर होप्स का विमोचन

**नई दिल्ली**

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज चार पुस्तकों, विंग्स टू आवर होप्स- वॉल्यूम 1 (अंग्रेजी और हिंदी), राष्ट्रपति भवनः हेरिटेज मीट्स द प्रेजेंट और कहानी राष्ट्रपति भवन की का लोकार्पण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री (आई एंड बी) डॉ. एल. मुरुगन और आई एंड बी सचिव श्री संजय जाजू भी मौजूद थे।विंग्स टू अवर होप्स नामक पुस्तक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा अपने कार्यकाल के प्रथम वर्ष में विभिन्न अवसरों पर दिए गए भाषणों को संकलित किया गया है। "राष्ट्रपति भवनः हेरिटेज मीट्स द प्रेजेंट " राष्ट्रपति भवन की गहन खोज है, जो इसके इतिहास, विरासत और वास्तुकला की भव्यता का वर्णन करती है। वहीं, कहानी राष्ट्रपति भवन कीह्न पुस्तक में बच्चों के लिए राष्ट्रपति और राष्ट्रपति भवन से जुड़ी जानकारी है।

## तेलंगाना के सीएम ने किसानों को दी कर्ज माफी की सौगात



**हैदराबाद**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को कृषि ऋण माफी योजना की शुरूआत की। पहले चरण में एक लाख रुपये तक ऋण लेने वाले किसानों का लोन माफ होगा। इसके लिए किसानों के बैंक खातों में 6,098 करोड़ रुपये जमा किए गए।

**सीएम रेड्डी ने कई किसानों को सौंपा चेक**

रेड्डी ने सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कुछ किसानों को चेक भी सौंपे। बैंकों को जारी किए गए 6,098 करोड़ रुपये से लगभग 11 लाख परिवारों को लाभ होगा। ऋण माफी योजना दो अन्य चरणों में पूरा किया जाएगा। दूसरे चरण में जहां 1.5 लाख रुपये तक के ऋण जुलाई के अंत तक माफ किए जाएंगे, वहीं तीसरे चरण में दो लाख रुपये तक के फसल ऋण अगस्त में माफ किए जाएंगे।

इतने चरणों में किया जाएगा लागू

इस अवसर पर सीएम ने कहा कि ऋण माफी कार्यक्रम 31,000 करोड़ रुपये के साथ तीन चरणों में लागू किया जा रहा है जो अगस्त में समाप्त होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली बीआरएस सरकार ने दो कार्यकाल तक सत्ता में रहने के बावजूद कृषि ऋण माफी के अपने वादे को ठीक से लागू नहीं किया। सीएम ने कहा पिछले सात महीनों में कल्याण कार्यक्रमों पर 29,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

## 'प्रावधानों के आधार पर आरोपी को जमानत देने से इनकार नहीं किया जा सकता'



**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार एक व्यक्ति को जमानत देते हुए कहा कि कानून में प्रतिबंधात्मक वैधानिक प्रावधान अदालतों को आरोपी को जमानत देने से नहीं रोकते हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार 'सर्वव्यापी और पवित्र' है। पीठ ने कहा, "अगर संवैधानिक अदालत को लगता है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आरोपी-विचाराधीन के अधिकार का उल्लंघन हुआ है, तो उसे दंडात्मक कानून में प्रतिबंधात्मक वैधानिक प्रावधानों के आधार पर आरोपी को जमानत देने से नहीं रोका जा सकता है। उस स्थिति में, ऐसे वैधानिक प्रतिबंध आड़े नहीं आएंगे।"

**अदालतों का जमानत से इनकार करना गलत**

अदालत ने कहा, "यहां तक कि दंड विधान की व्याख्या के मामले में, चाहे वह कितना भी कठोर क्यों न हो, संवैधानिक न्यायालय को संविधानवाद और विधि के शासन के पक्ष में झुकना पड़ता है, जिसका स्वतंत्रता एक अभिन्न अंग है।" शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी विशेष मामले के दिए गए तथ्यों में संवैधानिक न्यायालय जमानत देने से इनकार कर सकता है, लेकिन यह कहना गलत होगा कि किसी विशेष विधान के तहत जमानत नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने नेपाल निवासी शेख जावेद इकबाल द्वारा दायर अपील को स्वीकार करते हुए यह टिप्पणियां कीं। इसने इकबाल को जमानत पर रिहा कर दिया।

### विधि मंत्रालय ने की वकालत,'कानून की अवधि को सीमित के लिए होता है क्लॉज'

## मोदी सरकार के पहले 100 दिन के एजेंडे में शामिल हो सकता है सनसेट क्लॉज



**नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों को अगली सरकार के लिए 100 दिवसीय एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया था। इस कड़ी में एक दिन पहले केंद्रीय सचिव ने सभी सचिवों को पत्र भी लिखा था। जिसके बाद से विधि मंत्रालय ने कुछ विधेयकों में सनसेट क्लॉज शामिल करने की वकालत की है।

**कानून की किताबों में न हो अव्यवस्था- विधि मंत्रालय**

बता दें कि विधि मंत्रालय ने कुछ प्रकार के विधेयकों में सनसेट क्लॉज या स्वतः निरस्तीकरण प्रावधान को शामिल करने की वकालत की है, ताकि कानून की किताबों में अव्यवस्था न हो और इसे अपने 100 दिवसीय एजेंडे में शामिल किया जा सके। मंत्रालय के विधायी विभाग ने नए विधायी प्रस्ताव में सनसेट क्लॉज को अपने 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा बनाते हुए कहा है कि संबंधित मंत्रालयों के परामर्श से इस संबंध में कदम उठाए जाएंगे।

विज्ञापन

**क्या होता है सनसेट क्लॉज?**

सनसेट क्लॉज मुख्य रूप से अस्थायी प्रकृति के कानूनों या गतिशील स्थितियों से निपटने वाले कानूनों पर लागू होता है। एक बार जब उनकी उपयोगिता समाप्त हो जाती है, तो वे कानून की किताबों से हटा दिए जाते हैं।

**'कानून की अवधि को सीमित के लिए होता है क्लॉज'**

इस मामले में पूर्व केंद्रीय विधि सचिव पीके मल्होत्रा ने बताया कि जब भी विधानमंडल - संसद या राज्य विधानमंडल - अपने द्वारा पारित किसी कानून की अवधि को सीमित करना चाहता है, तो वह नीतिगत तौर पर एक सनसेट क्लॉज प्रदान कर सकता है, जिसमें यह प्रावधान हो कि एक निश्चित अवधि - आवश्यकता के आधार पर पांच या 10 वर्ष - बीत जाने के बाद कानून समाप्त हो जाएगा। पूर्व केंद्रीय विधि सचिव ने बताया कि विधानमंडल सनसेट क्लॉज के कारण निष्क्रिय हो चुके कानून को नया जीवन देने के लिए एक नया कानून पारित कर सकता है। विधायी विभाग के अनुसार, वह संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों और विभागों के परामर्श से नए विधायी प्रस्ताव में सनसेट क्लॉज या स्वतः निरस्तीकरण क्लॉज को शामिल करना चाहता है।

## विधानसभा में 'ठाकुर का कुआं' कविता को लेकर हंगामा हरीश

**जयपुर**

विधानसभा में ठाकुर का कुआं कविता को लेकर गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। भाजपा विधायकों ने हरीश चौधरी पर जातिवाद फैलाने और एक वर्ग को आहत करने का आरोप लगाया। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सभापति से इसे कार्यवाही से निकालने की मांग की। इस पर सभापति संदीप शर्मा ने कहा कि जो सदन के अनुकूल नहीं होगा उसे कार्यवाही से निकाल दिया जाएगा। पटेल ने हरीश चौधरी से कहा कि आपने जो बोला आपके विषय के अनुकूल नहीं है, आपको स्वीकार करना पड़ेगा आप किसी को ठेस नहीं पहुंचा सकते।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, शुक्रवार
19 . 07 . 2024



# मेड काटने को लेकर हुई मारपीट मामले में इलाज के दौरान एक की मौत, कोहराम

**मृतक अंबर सिंह एवं उसके विपक्षियों से काफी समय से चला आ रहा था जमीनी विवाद गांव में तनाव को देखते हुए भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात**





अखंड भारत सदेश

**मेजा।** जमीनी विवाद में मेड कटने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला मेजा थाना क्षेत्र के घूघा गांव का है। प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त गांव निवासी अंबर सिंह पुत्र राम कुमार व दूसरे पक्ष के विपक्षी पाठक, सुब्बा सिंह पुत्र उमा चरण सिंह पिंटू पुत्र पाठक व दशवन्त ,आलोक पुत्र गुलाब सिंह से काफी पुराना जमीनी विवाद चल रहा था बुधवार को दसवंत आलोक सिंह खेत में मेड काटने को लेकर अंबर सिंह से विवाद हो गया था। इस दौरान अंबर सिंह रोकने के लिए गए तो विपक्षी पाठक, सुब्बा सिंह ,पिंटू , दशवन्त ,आलोक सिंह ने अंबर सिंह को अकेले पाकर उस पर जान लेवा हमला कर दिया था शोर शराबा होने पर परिजन एवं आस पास के तमाम लोग मौके पर पहुंच बीच बचाव करते हुए बुरी तरह घायल अंबर को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया था जहां बृहस्पतिवार को इलाज के दौरान अंबर सिंह की हुई मौत हो गई।अस्पताल में अंबर सिंह की मौत की जैसे ही मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय को हुई मय फोर्स मौके पहुंचकर गांव में मोर्चा संभाला। मृतक घर पर रहकर खेती बारी करते थे मृतक के तीन बेटों और पत्नी का रो रो कर बुरा हाल फिलहाल इस घटना को लेकर गांव में काफी तनाव बना हुआ है।

## आवास के नाम पर बाहरी ठगों का गांव गांव भ्रमण

**कोरांव।** इस समय गांवों में बाहरी ठगों का गिरोह सक्रिय है। किसी न किसी योजना के नाम पर घर घर जा कर शायबर ठगी के लोग सीधे सीधे जनता से योजना दिलवाने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। ऐसा एक नायाब तरीका खीरी थाने क्षेत्र के खीरी ग्राम सभा में देखने को मिला। प्राप्त जानकारी अनुसार खीरी में बाबू लाल कोल पुत्र मनोज कुमार के घर 19 जुलाई को कथित रुपए करछना क्षेत्र के दिवाकर सिंह बड़गवा ने खीरी में उक्त कोल के घर पर जाकर पांच पांच हजार कोल आवास के लाभार्थियों से घर घर जा कर जबरन मांगा और जाति सूचक शब्दों के साथ कहा कि यादि पैसा तुम लोग नहीं दोगे तो निस्चय ही जिनके बाकी हैं आवास उन्हे नहीं मिलेगा। और जो जो पाए हो स्वास बे लोग पांच पांच हजार दें। वर्ना खैरियत नहीं है। मनोज कुमार कोल से 490 रूपया जो मौजूद था वह भी छीन लिया। धमकाया कि यदि पैसा तुम लोग नहीं दोगे तो अंजाम भी बुरा होगा। उक्त ठग के साथ कई अन्य लोग भी थे जो अफसर बन कर गांव गए थे। इस संबंध में ग्राम प्रधान ने भी विधिक कार्यवाही की मांग की है।



## विश्व हिन्दू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा गंगा प्रसाद मिश्र को मिला गोरक्षा सर्वोच्च सम्मान

**मेजा।** विश्व हिन्दू महासंघ गोरक्षा के जिला यमुनापार प्रभारी एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्रा को संघठन के मंडल प्रभारी नीरज कुमार द्विवेदी एवं संभाग प्रभारी प्रयागराज आशुतोष त्रिपाठी द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया । उल्लेखनीय है कि गंगा प्रसाद मिश्र को यह सम्मान विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति एव गोरक्षा के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दिंवेदी के संस्तुति पर गंगा गायत्री गौशाला के संस्थापक एवं कुशल नेतृत्व व्यवस्था के मद्देनजर दिया गया । इस अवसर पर संघठन के जिला प्रभारी गंगा प्रसाद मिश्रा ने संघठन का आभार व्यक्त करते हुए कि माँ गऊ और संगठन गंगा माँ का सेवा दर्शन करना मेरा सौभाग्य हैं यह सम्मान मेरे क्षेत्र के लोगों के सहयोग और आशीर्वाद. हैं ' उन्होंने कहा माँ गऊ का सेवा सभी को करना चाहिए। संघठन के प्रदेश महामंत्री मनोज प्रजापति एवं काशी संभाग प्रभारी संजय पांडे ने फोन से बधाई दी ' इस अवसर पर बधाई देने वाले संगठन के जिला अध्यक्ष सेवा लाल पटेल, अनिल शुक्ला, राजीव मिश्रा, विवेक मिश्रा, रंजय मिश्रा, संजय तिवारी, सनी विश्वकर्मा, चंद्रभान सिंह, राजकुमार , अमरेश यादव, निमन्त सिंह, नितेश तिवारी, राम दत्त मिश्र, कृष्णदास शर्मा।

## मारपीट मामले में आरोपी की जमानत में पीड़ित राजकुमार शक्ल ने लगाई आपत्ति

**आपत्ति पत्र में हत्या का हवाला देकर विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट मेजा से आरोपी को जेल भेजने की लगाई गुहार**



**मेजा।** रास्ते में कटीला जार रखने का विरोध करने पर कथित एक अपराधी द्वारा मानसिक रूप से डिस्टर्ब व्यक्ति के ऊपर धारदार हथियार से सिर पर प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से घायल किए जाने के मामले में पुलिस द्वारा विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट मेजा को भेजी गई चालान पर आपत्ति करते हुए पीड़ित राजकुमार शुक्ला ने हत्या की आशंका जताते हुए आरोपी को जेल भेजे जाने की गुहार लगाई है। प्रकरण कोरांव थाना क्षेत्र के बंशीपुर गांव का है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को उक्त गांव निवासी राजकुमार शुक्ला पुत्र स्व छोटेलाल ने विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट मेजा को एक प्रार्थना पत्र के जरिए दी गई आपत्ति पत्र में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है कि बीते 13 जुलाई को उसका पड़ोसी संदीप शुक्ला पुत्र विद्याधर पीड़ित के घर को जाने वाले रास्ते में कटीला जार रखकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। जिसका विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की नियत से पीड़ित राजकुमार शुक्ला पर धारदार हथियार से सिर पर प्राणघातक हमला करते हुए सिर फोड़ दिया था। मामले में पीड़ित की शिकायत पर कोरांव पुलिस केस दर्ज करते हुए आरोपी को धारा 107/116 के तहत बुधवार को विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट मेजा के न्यायालय चालान कर दिया था। अपराधी संदीप को जमानत पर रिहाई न मिले इसी क्रम में पीड़ित राजकुमार ने एक आपत्ति प्रार्थना पत्र विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट मेजा को देकर आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर जेल भेजने की गुहार लगाया है। इतना ही नहीं आपत्ति प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने इस बात का भी जिक्र किया है कि आरोपी संदीप शुक्ला एक शातिर अपराधी एवं मादक पदार्थों का बड़ा कारोबारी है। यदि उसे जमानत पर रिहा किया गया तो घर जाने पर वह पीड़ित राजकुमार की हत्या कर देगा। हालाकि मोहर्रम का पर्व होने के कारण विना जमानत के ही आरोपी को पुनः थाने वापस भेज दिया गया है।

## उमस भरी गर्मी की चपेट में आये आधा दर्जन छात्र की तबियत बिगड़ी

**प्राथमिक उपचार के बाद भेजे गये घर, विद्यालय में कर दी गयी छुट्टी**

**जसरा।** जसरा के एक स्थानीय इंटर कॉलेज में पढ़ाई करने पहुंचे छात्रों में से आधा दर्जन छात्र भीषण गर्मी की चपेट में आकर बेहोश होकर गिर गए। प्राथमिक इलाज के बाद बच्चे घर चले गए। जबकि प्रधानाचार्य ने स्कूल की छुट्टी कर दी। श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में गुरुवार को प्रतिदिन की तरह 7:30 बजे विद्यालय की शुरूआत हुई तथा प्रार्थना के बाद बच्चों को अध्यापक जाकर उनकी कक्षाओं में पढ़ा रहे थे। लगभग 9:00 बजे कक्षा 7 का विद्यार्थी श्लोक केसरवानी अचानक उल्टी करने लगा। और एकाएक उसकी हालत बिगड़ गई । थोड़ी ही देर में हाई स्कूल के दो व इंटर के तीन अन्य छात्र भी गर्मी की चपेट में आकर बेहोश हो गए। जिससे इंटर कॉलेज में हड़कम्प मच गया। सभी अध्यापक और प्रधानाचार्य डा०योगेन्द्र सिंह ने मिलकर बेहोश छात्रों को पानी का छीटा मारकर होश में ले आए और ओआरएस का घोल पिलाया। बच्चों के इस तरह अचानक गर्मी के कारण बेहोश हो जाने से अध्यापक भी घबरा गए। अध्यापकों ने बताया कि बिजली की अधाधुंध कटौती व उमस भरी गर्मी की चपेट में कॉलेज के सभी छात्र बेहाल हो गए। प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह ने बताया कि बेहोश छात्रों को स्कूल के प्रांगण में ही प्राथमिक उपचार करके बाद में घर भेज दिया गया। प्रधानाचार्य ने प्रबंधक से बात कर विद्यालय की छुट्टी कर दी गई।

# हाई टेंशन बिजली का तार टूटा, कई घरों में दौड़ा करंट, अधेड़ की मौत

**चपेट में आने से दो भैंसों की हुई मौत, आक्रोशित परिजनों ने शव रख किया चक्का जाम**

अखंड भारत सदेश





**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के सिकरो गांव में कोरांव लेडियारी मुख्य मार्ग पर सरदार पटेल इंटर कॉलेज से आगे गुरुवार को सायं चार बजे के आसपास अचानक घर के पीछे से गए 11000 वोल्ट करंट के तार को टूटकर गिरने से कई घरों में हाई टेंशन करंट दौड़ गया और बिजली के उपकरण जलने लगे। हादसे में घर के अंदर रहे व्यक्ति की जहां मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं पड़ोसी की खेत में चर रही दो भैंसों की भी चपेट में आ जाने से मौत हो गई। जिससे दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक श्याम बिहारी पुत्र स्व. सत्या सिंह (48) निवासी सिकरो थाना कोरांव का मकान कोरांव लेडियारी मुख्य मार्ग पर सरदार पटेल इंटर कॉलेज से आगे स्थित है। सायं 4 बजे के आसपास घर के पीछे से गया हाई टेंशन का तार अचानक टूट कर गिर गया। श्याम बिहारी घर के अंदर थे और उनके घर की दीवारों समेत खिड़की दरवाजों में बिजली का हाई करंट दौड़ गया। इसके साथ ही कूलर में अचानक आग लग गई। श्याम बिहारी कूलर की बटन बंद करने के लिए जैसे ही दबाई वह हाई टेंशन करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही मौत हो गई। इसी तरह पड़ोस की रहने वाली अमली देवी पत्नी स्व. जनार्दन प्रसाद तिवारी की खेत में चर रही दो भैंसों की भी चपेट में आकर मौत हो गई। जिससे दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। अचानक हुए हादसे से आक्रोशित परिजन व ग्रामीण शव कोरांव लेडियारी मुख्य मार्ग पर रखकर चक्का जाम कर दिया। सूचना पाकर थाना प्रभारी राकेश भारती दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और अक्रोशित परिजनों को समझाने बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन परिजन दो घंटे तक शव सड़क पर रखकर चक्का जाम करते रहे। सायं 6 बजे के आसपास पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और आवागमन बहाल हो सका। हालांकि समाचार लिखे जाने तक परिजन शव पुलिस को नहीं सौंपे थे। बताया जा रहा है कि मृतक श्याम बिहारी की पत्नी प्रभावती अपनी बेटी का उपचार कराने बिहार गई हुई थी। वह घर पर नहीं थी उसके आने का इंतजार किया जा रहा था। मृतक श्याम बिहारी को तीन पुत्र अजय, श्याम नारायण व देवनारायण में अजय बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। जबकि दो बेटे घर पर ही रहते हैं अभी देवनारायण की शादी भी नहीं हुई है।

**खेत में होता पानी तो जा सकती थी और कई जाने**

खेत में भैंस चर रही मृत दोनों भैंस दुधारू थी साथ में उनके बच्चे भी थे। लेकिन बच्चे बाल बाल बच गए। भैंसो को हाई टेंशन तार की चपेट में आकर तड़पते देख कई परिजन भी खेत पर पहुंचकर बांस के सहारे भैंसों को बचाने का प्रयास किया अगर खेत में पानी रहा होता तो कई अन्य लोगों की भी जाने जा सकती थी। संयोग अच्छा था कि खेत में पानी नहीं था और बारिश नहीं हुई थी। नहीं तो और बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। बिजली विभाग पर लोगों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि 11000 वोल्ट करंट का तार जो गया है। वह काफी जर्जर हो चुका है। जिसे बदलवाए जाने की कई बार शिकायत की गई। लेकिन अभी तक बदला नहीं गया।

# टेबलेट से होगा बालिकाओं का व्यक्तित्व विकास और मिलेगा रोजगार का अवसर : शैलेंद्र विक्रम






**राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा खास की छात्राओं को वितरित किया गया निःशुल्क टेबलेट**

**मेजा।** मंगलवार को राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा की उत्तीर्ण (सत्र-2022-23) इलेवन इंजीनियरिंग एवं कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग की 106 नामांकित छात्राओं के सापेक्ष 86 तथा अंतिम वर्ष में अध्ययनरत 102 के सापेक्ष १० छात्राओ को प्रदेश के मुख्यमंत्री' की महात्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण के तहत निःशुल्क टैबलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर पालीटेक्निक स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र विक्रमने छात्राओं को उनके व्यक्तित्व विकास एवं रोजगार प्राप्त करने के अवसरों में टैबलेट के अहम योगदान पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि टेबलेट से बालिकाओं को नई टेक्नोलॉजी की जानकारी होगी और शिक्षा के साथ साथ इस क्षेत्र में उनका मनोबल बढ़ेगा। इतना ही नहीं टेबलेट के जरिए उन्हें रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और जीवन में वे आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने सभी बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। टेबलेट वितरण कार्यक्रम में शैक्षिक अधिकारी डा कविता,श्रीमती सुनीता, डा धनंजय , डा. त्रिलोक, श्रीमती मोनिका, श्रीमती माया, पीयूष, मनोज, डा० रंजीत, गौरव , अभिजीत एवं डीजी शक्ति पोर्टल इंचार्ज श्रीमती श्रद्धा श्रीवास्तव आदि के अलावा स्कूल कई अन्य स्टाफ एवं छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

## बिजली की अनियमित आपूर्ति से उपभोक्ता परेशान

**कोरांव।** कोरांव के देवघाट बिजली पावर हाउस से जुड़े फिडरों के बिजली उपभोक्ता चौबीस घंटे त्रस्त हैं। उक्त पावर हाउस से बिजली कर्मी हर समय रात हो या दिन फाल्टिंग के नाम पर हर समय परेशान कर रखा गया है। यहां के कर्म चारी ऊपर से गड़बड़ी अथवा फाल्टिंग की कमी तथा रिपेयर के नाम पर पूरी फिडर की सप्लाई ठप कर दे रहे हैं। जिससे ब्यावसासिक उपभोक्ता, बिजली पंखा उपभोक्ता सभी भयंकर गर्मी में आपूर्ति बंद कर देते हैं। जिससे वृद्ध,बच्चे मरीज इस तेज उमस गर्मी धूप में काफी पीड़ित हैं। आम जनों का आरोप है कि सबसे ज्यादा संसारपुर फिडर की आपूर्ति सदैव बाधित रहती है। क्षण क्षण पर बिजली कटौती से नागरिक त्रस्त हैं। बच्चों छात्रों वृद्ध जनों को ज्यादा समस्या उत्पन्न हुई है। लोगों ने कर्मियों की कार्य शैली की जांच और उचित स्थानों पर बिजली की ब्रेक डाउनिंग सेंटर बनाए जाने की मांग की है। इस पावर हाउस की गड़बड़ी की सूचना पर संसद प्रयागराज उज्ज्वल रमन सिंह ने चीफ इंजीनियर को समुचित कार्यवाही और बिजली फाल्टिंग तथा खराब ट्रांसफार्मरों की चेंजिंग का निर्देश दिया है।

## ग्रा.पं. गिरधरपुर व दण्डपान पुर में ग्रा.पं.स.के रिक्त पदों का चुनाव की बिगुल बजा

अखण्ड भारत संदेश।

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत दो ग्राम पंचायत से ग्राम पंचायत सदस्य की लगभग छह महीने पूर्व असामयिक निधन हो जाने से रिक्त पदों का उपचुनाव की बिगुल बज गई। जिसकी चर्चा ग्राम पंचायतो में तेज हो गई है। ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों की बिगुल बजते ही ग्राम पंचायत सदस्य के पद हेतु उम्मीदवार अपने अपने जीत के लिए मतदाताओं के घर दस्तक देना शुरू कर दिया है। गुरुवार को ग्राम पंचायत सदस्य की उपचुनाव के रिक्त पद ग्राम पंचायत गिरधरपुर के वार्ड संख्या 12 में चुनाव होगा। वहीं ग्राम पंचायत दण्डपानपुर के वार्ड संख्या 04 में चुनाव सुनिश्चित हुआ है। गिरधरपुर ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 12 से निर्वाचित सदस्य निशा देवी उम्र (46) पत्नी आशीष शुक्ला की असामयिक निधन हो गया था। इसी तरह दण्डपानपुर ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 04 से निर्वाचित सदस्य अन्नपूर्णा देवी उम्र (48) पत्नी राधेश्याम की असामयिक निधन हो गया था। उक्त रिक्त पदों पर उपचुनाव की जानकारी एडीओ (एसटी) सुरेश कुमार ने बताया कि विकास खण्ड मांडा मुख्यालय पर नामांकन पत्र 22 जुलाई को सुबह दस से शाम चार बजे तक वितरण किया जाएगा। और नामांकन पत्र की जांच 23 जुलाई को होगा तथा नामांकन पत्र वापसी एवं चुनाव चिह्न आवंटित किया जाएगा। और छह जुलाई को मतदान केन्द्र पर मतदान, आठ जुलाई को मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर मतगणना होगी।

## न्यूज झरोखा

### दीपक यादव व श्रेयांस शुक्ला का सरकारी सेवा में हुआ चयन

**विद्यालय प्रबंधन तंत्र ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं**






**करछना।** बेंदौ स्थित प्रयाग इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट मे बी.टेक इंजीनियरिंग के छात्रो का सरकारी सेवाओं मे कार्य करने हेतु चयन हुआ है। बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग के फाईनल वर्ष का छात्र दीपक यादव का चयन भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर मे साइंटिस्ट इंजीनियर के पद पर एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र श्रेयांश शुक्ला का भी स्टाइपेंड ट्रेनी कैटगरी फर्स्ट के पद पर चयन हुआ है। इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन श्री ज्ञान सिंह पटेल व सचिव श्री विकास सिंह ने चयनित छात्रो को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था के प्रिंसिपल राम रक्षा त्रिपाठी ने होनहार छात्रो को बधाई देते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है कि कॉलेज के छात्र सरकारी सेवाओं हेतु चयनित हो रहे। इस मौके पर संस्था के कुलसचिव श्री आशीष तिवारी एवं सभी विभागाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ,रवींद्र सिंह, मनीष सिंह ,मोमिश पांडे ,डीन एच एल पटेल, अरविंद पांडे, हिमांशु दिवेदी, भोला पांडे, प्रेम चंद, आशुतोष तिवारी, श्वेता सक्सेना, शुभम शुक्ला आदि मौजूद रहे एवं संस्था के प्रिंसिपल ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर सुप्रिया श्रीवास्तव को बधाई दी।

### मुहर्रम कासग दसवीं का जुलूस सकुशल सम्पन्न हुआ , कर्बला में दफन हुआ फूल



**मऊआइमा।** मुहर्रम का दसवीं का जूलूस नगर पंचायत मऊआइमा के सभी मोहल्लों से निकलकर नाटी इमली पर देर रात तक जमा रहा।फिर ताजियादारों ने अपने अपने जुलूस को भ्रमण कराते हुए।देर रात को कर्बला में अकीदत का फूल नम आंखों से दफनाया।इस प्रकार मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र सहित देहात क्षेत्रों में मुहर्रम का दसवीं का जुलूस सकुशल सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर बडी संख्या में पुलिस तैनात की गयी थी।

### दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराया मुकदमा

**मऊआइमा ।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सम्मन का पूरा निवासी प्रदीप कुमार ने पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।देर रात दूसरे पक्ष के राजेन्द्र प्रसाद पुत्र भागीरथी ने राज कुमार, सुजीत कुमार, प्रदीप कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# भटोती पहाड़ी पर संचालित क्रेशर प्लांट पर्यावरण पर डाल रहे प्रतिकूल प्रभाव

अखंड भारत संदेश

**क्रेशर प्लांटों की अवैध ब्लास्टिंग से दर्जनों गांव बने बंजर भूमि आम जनजीवन पर पड़ रहा है बुरा प्रभाव लोगों बढी टीवी और सांस की बीमारियां खनन विभाग के नियम की उड़ रही हैं धज्जियां जिम्मेदार हैं बेखबर**



**मेजा।** ग्लोबल वार्मिंग दुनिया के लिए नासूर बनता जा रहा है।पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव के साथ यह प्रकृति की स्वाभाविक प्रक्रिया पर सीधा असर डाल रहा है।मेजा की भटौती पहाड़ी पर लगे क्रेशर प्लांटों के लिए होने वाली ब्लास्टिंग से तहसील के ज्यादातर गांव अनाबृष्टि से जूझ रहे है।पहाड़ी से जुड़े दर्जनों गांव बंजर होते जा रहे हैं। ऐसे में इस बदलते दौर में बढ़े शहरीकरण और कॉर्बन उत्सर्जन का सीधा प्रभाव आम जीवन पर पड़ रहा है।खासकर मेजा तहसील में कई वर्षों से अपेक्षा से कम हो रही वरसात का असर कृषि कार्य पर पड़ रहा है।क्षेत्र की भटौती पहाड़ी पर चल रहे दर्जनों क्रशर प्लांट इसकी सबसे बड़ी वजह बन रहे हैं।प्लांट के लिए पत्थर निकालने के लिए की जा रही ब्लास्टिंग का सीधा असर मानसून पर चोट कर रहा है।कई वर्षों से क्षेत्र के दर्जनों गांवों में खण्ड बृष्टि हो रही है।असाढ़ और सावन महीने में भी यहां के तालाबों और नालों में धूल उड़ रही है। पर्याप्त वरसात नही होने से कई किसानों के खेत परती पड़े हैं।क्षेत्र में धान की रोपाई नही हो पाई है।यहाँ के किसान भगवान को कोसने के बजाय क्रशर प्लांटों को कोस रहे हैं। भटौती क्रशर प्लांट एरिया में खनन विभाग के तय नियम कानून कोई मायने नही रखते हैं।यहाँ वगैर लीज पट्टे की कई माइन्स केशर प्लांट धड़ल्ले से चल रहे हैं।ब्लास्टिंग के लिए तय मानक की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। ब्लास्टिंग की वजह से आस पास के एक दर्जन से अधिक गांवों के दर्जनों मकानों में दरारें साफ देखी जा रही है।इसके धमाके की आवाज,उसकी वजह से निकलने वाले धूल मिट्टी के गुबार जानलेवा बन गए हैं।यहाँ के ज्यादातर फलदार बृक्षों में अब फल नही लगते हैं। क्रेशर प्लांटो के भयानक प्रदूषण से आस पास के लोगों में सांस,टीबी जैसी विमारियाँ तेजी से फैल रही है। इस संबंध में भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कुछ वर्ष पहले यहाँ जीवन बचाओ मार्च निकाला था।क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान सड़क पर उतरकर क्रशर कम्पनियों का विरोध किए थे लेकिन अधिकारियों के लिए दुधारू गाय एवं एटीएम का काम करने वाले प्लांट संचालको पर किसी ने नोटिस तक नही किया।समय के साथ इसका असर तहसील क्षेत्र तक देखा जा सकता है। इन दिनों वरसात व बाढ़ के समाचार सुर्खियों में हैं लेकिन मेजा में इस वर्ष भी अकाल की स्थिति बनी हुई है।

**दबाई गयी किसानों की चीख**

क्रशर प्लांट अमले के लिए कारु का खजाना बना हुआ है।यहाँ की पूरी व्यवस्था जुगाड़ पर चल रही है।यहाँ के प्लांट संचालकों ने अमले के तय नियमों को तोड़ने के लिए रेट फिक्स कर लिया है।क्षेत्र के जनता या किसान कितना ही चीखें और कहीं भी शिकायत करें इनका कुछ विगड़ने वाला नही है।इसकी वजह है कि हर ड्योढ़ी पर चढ़ावा चढ़ता है।

## संदिग्ध हालात में अधेड का शव ट्रैन से कटा हुआ मिला

**मऊआइमा।** मऊआइमा बीती रात एक अधेड़ का शव मऊआइमा कताई मिल के सामने रेलवे ट्रैक पर कटा हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के गदाई पुर कताई मिल के सामने मध्य रात्रि के बाद एक अधेड़ का माल गाड़ी से कटा हुआ शव ट्रैक पर मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त दिनेश सिंह 48 पुत्र शिवबहादुर सिंह ग्राम जेठवारा प्रतापगढ़ के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक गुरूवार को परिजनों को शव की शिनाख्त कराई गई। दिनेश सिंह ने आत्म हत्या क्यों कि इसका कोई कारण नहीं बता पा रहा है। अलबत्ता लोगों ने बताया कि दिनेश सिंह प्राइवेट बस चालक था। फिलहाल पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।






# मोहर्रम पर बवाल के दूसरे दिन फिर हिंसा, ग्रामीणों ने बोला धावा, बाइक फूंकी

## घर में तोड़फोड़ के बाद दरवाजे पर खड़ी एक बाइक में उपद्रवियों ने लगा दी आग, पुलिस प्रशासन में हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** लालापुर थाना क्षेत्र के अमिलिया तरहार गांव में बुधवार को मोहर्रम पर ताजिया के रास्ते को लेकर हुआ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। जुलूस में शामिल शरारती तत्वों के द्वारा अधिवक्ता के घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट करने के दूसरे दिन बदला लेने की नीयत से ग्रामीणों ने एक समुदाय विशेष के घर पर धावा बोल दिया। घर में तोड़फोड़ करने के बाद दरवाजे पर खड़ी एक बाइक में आग लगा दी गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। भारी फोर्स लेकर अधिकारी गांव में पहुंच गए हैं। फिलहाल गांव में पीएसी को तैनात कर दिया गया है। एसीपी बारा संतलाल सरोज, थानाध्यक्ष लालापुर अजय मिश्र मौके पर दल बल के साथ मौजूद हैं। बताते चलें कि

लालापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमिलिया तरहार गांव में बुधवार की शाम ताजिया ले जाते समय दो पक्षों में विवाद हो गया इसके बाद जमकर बवाल हो गया था। जुलूस में शामिल कुछ शरारती तत्वों ने घर में घुसकर अधिवक्ता की पुत्री व पुत्र समेत अधेड़ पर लाठी-डंडों, तलवार, कटवासा व अवैध असलहों से हमला बोल दिया। बीच बचाव पर दरोगा से भी अभद्रता की गई । वही घटना में





अवधेश का सिर फटा है जबकि उनके बेटे-बेटी को भी चोटें आईं। आरोप है कि दीवार पर खड़े होने व पीपल के पेड़ को काटने के विरोध पर घटना की गई। छह नामजद व 10-12 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अमिलिया तरहार गांव के इमामबाड़े से बुधवार को ताजियादार ताजिया लेकर गांव में निकल रहे थे। इसी दौरान जुलूस गांव के अवधेश द्विवेदी के घर के पास पहुंचा तो भीड़ में शामिल कुछ शरारती तत्व उनकी दीवार पर चढ़ गए। आरोप है कि उपद्रवियों ने चहारदीवारी तोड़ने की कोशिश की और बिजली सप्लाई का तार भी तोड़ दिया। अवधेश के बेटे शिवम ने विरोध किया तो उस पर हमला बोल दिया। जुलूस के साथ चल रहे एसआई बलिराम और सिपाहियों ने बीच बचाव किया तो उनसे भी अभद्रता और हाथापाई शुरू कर दी।शोरगुल सुनकर अवधेश घर के बाहर निकलकर बेटे को बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। पिता-पुत्र भागे तो हमलावर पीछे-पीछे घर में घुस आए और पंखे की रॉड उठाकर हमला कर दिया। अधिवक्ता की पुत्री अनुज्ञा पिता व भाई आयुष व अनुज को बचाने लगी तो उससे भी मारपीट व बदसलूकी की। हंगामा होता देख आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीचबचाव किया तो उन्हें भी पीटा गया। जानकारी पर गांव के लोग जुट गए तो हमलावर भाग निकले। सूचना पर बड़ी संख्या में वहां लोग जुट गए। डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, एसडीएम जगजीत कौर, एसीपी बारा संत लाल सरोज भी आसपास के थानों की फोर्स लेकर आ गए और पीड़ित परिवार से पूछताछ की। तनाव को देखते हुए पीएसी भी तैनात कर दी गई है।

### अवधेश की ओर से दी गई तहरीर में हमले के अलावा गहने लूटने का भी आरोप

अवधेश की ओर से दी गई तहरीर में हमले के साथ-साथ तीन लाख के गहने लूटने का भी आरोप लगाया गया है। बताया कि दोपहर 3:30 बजे गांव के मोनू अंसारी, अन्ना, इमरान, अजमेरी का लड़का, मिराज, सरताज समेत छह लोग व 10-12 अज्ञात लाठी-डंडा, कटवासा व अवैध असलहे लेकर ताजिया जुलूस निकाल रहे थे। आरोप लगाया कि घर के पास लगे पीपल के पेड़ को काटने लगे। मना करने पर गालीगलौज करते हुए दीवार फांदते हुए घर में कूद गए और उन्हें, उनकी बेटी व दो बेटों को मारने लगे। तलवार व कट्टे की बट से वार किया जिससे सभी लहूलुहान हो गए। साथ ही कमरे में बैग में रखे तीन लाख के गहने लूट ले गए। जाते-जाते धमकी भी दी।

# सहसों में आभूषण विक्रेता से हुई लाखों की छिनैती मचा हड़कंप

**सहसों।** सहसों पुलिस चौकी से चंद दूरी पर राम जानकी मंदिर के समीप गुरुवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे सहसों बाजार स्थित दुकान से ताला बंद कर चौराहे पर स्थित अपने घर जा रहे आभूषण विक्रेता अंकित केसरवानी पुत्र राजेंद्र केसरवानी जैसे ही प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर चौराहे की तरफ मुड़े बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचा लगाकर ज्वेलरी एवं रुपए से भरा बैग छीन कर फूलपुर की तरफ फरार हो गए। शोर मचाने पर एक फायर करते हुए बदमाशों ने दहशत फैलाई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच मे जुटी हुई है। प्राप्त



जानकारी के अनुसार सहसो निवासी अंकित केसरवानी पुत्र राजेंद्र प्रसाद केसरवानी सहसों बाजार में ज्वेलरी की दुकान खोल रखी है। गुरुवार की रात दुकान का ताला बंद करके वह सहसों गोल चौराहा स्थित प्रयागराज मार्ग पर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह राम जानकी मंदिर के समीप सहसों चौराहे की तरफ मुड़े इसी समय एक वैगन आर कार ने रास्ता अवरुद्ध कर दिया तथा उसी समय बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने अंकित के हाथ से ज्वेलरी तथा रुपए से भरा बैग छीन कर फूलपुर तरफ फायर करते हुए बदमाश फरार हो गए। उनके पीछे चल रहे स्कूटी पर दिव्यांशु ने बदमाशों का पीछा किया परंतु बदमाश पकड़ से बाहर रहे। भुक्त भोगी के अनुसार लगभग लाखों रुपए नगद एवं लगभग दस लाख के आसपास ज्वेलरी थी। जिसे बदमाश लेकर फरार हो गए। मौके पर पहुंचे एसीपी थरवई, सहसो पुलिस सहित अन्य पुलिस अधिकारी समीप के आसपास दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज से जांच पड़ताल कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका।

## मोहर्रम पर बवाल मामले मे 12 घंटे के अन्दर 7 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ़्तार




**प्रयागराज, लालापुर।** लालापुर थाना क्षेत्र के अमिलिया गांव में मोहर्रम के अवसर ताजिया जुलूस के दौरान बुधवार को ताजियादारों द्वारा महिला अधिवक्ता अनुज्ञा द्विवेदी उनके पिता अवधेश द्विवेदी व उनके दो भाईयों को घर मे घुसकर मारने पीटने के मामले मे बुधवार की रात 8 नामजद व 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे कई टीमें आरोपियों की गिरफ़्तारी के लिए लगाई गई थी। लालापुर पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद मात्र 12 घंटों के अन्दर 7 आरोपियों शकील अहमद उर्फ मोनू, अनीस अंसारी उर्फ अन्ना, तौफीक खान, मिनाज अंसारी, हाफिज अहमद, शाहिद उर्फ सेठ सलमान अंसारी निवासीगण अमिलिया तरहार थाना लालापुर कमिश्नरेट प्रयागराज को गिरफ़्तार करने मे बड़ी सफलता मिली है जिसमे 5 नामजद व 2 अज्ञात का नाम खोला गया है। बता दें कि अभी 3 नामजद आरोपी फरार चल रहे हैं जिनकी गिरफ़्तारी के लिए लगातार कई टीमें लगी हुई हैं। गुरुवार को मुखबिर खास की सूचना पर लालापुर थाना प्रभारी अजय मिश्रा के नेतृत्व मे उनकी टीम एसएसआई रामबहादुर साहनी, एसआई बलिराम कुमार, एसआई अमित कुमार यादव, एसआई कौशल कुमार मय टीम ने आरोपियों को गिरफ़्तार करने मे बड़ी सफलता हासिल की है।

## चौकियों के सीमा विवाद में घंटो सड़क के किनारे पड़ा रहा शव

**प्रयागराज।** कीडगंज से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। बुधवार को दो चौकियों के सीमा विवाद में सड़क किनारे एक युवक का शव पांच घंटे तक पड़ा रहा। वहीं, जब सूचना थाने पहुंची तब शव को हटाया गया। हालांकि, मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। बुधवार सुबह 10 बजे बाई का बाग स्थित शराब ठेके के पास बाइक सवार दो लोग पहुंचे। थोड़ी देर बाद एक व्यक्ति पैदल ही वहां से चला गया। जबकि, दूसरा युवक बाइक के पास खड़ा रह गया। थोड़ी देर बाद वह अचानक गिरा और फिर उठा ही नहीं। काफी देर बाद भी उसके शरीर में कोई हलचल नहीं होने पर स्थानीय लोगों ने पास जाकर देखा तो उसकी सांसें थम चुकी थीं। इस दौरान भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना नजदीकी पुलिस चौकी को दी गई। थोड़ी देर बाद बाई का बाग व बैरहना पुलिस चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन दोनों के बीच सीमा क्षेत्र को लेकर आपस में घंटों तक बातचीत होती रही। वहीं, इसकी सूचना कीडगंज थाने पहुंची तब जाकर पुलिसकर्मी वहां से आए। करीब पांच घंटे बाद शाम साढ़े तीन बजे पहचान न होने पर अज्ञात में शव पोस्टमार्टम हाउस भेजा।कीडगंज इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह का कहना है कि चौकी सीमा क्षेत्र का कोई विवाद नहीं था। वह स्थान बैरहना चौकी अंतर्गत आता है। उन्हें दोपहर पौने दो बजे सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया गया है।

# प्रतियोगी छात्र की सड़क हादसे में मौत, एक दिन पहले हुई थी सगाई, मचा कोहराम

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत बाजार में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार प्रतियोगी छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह नैनी में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था। बृहस्पतिवार को घर से नैनी जा रहा था।भदोही जिले के पुरवइया मोढ़ निवासी नीतीश कुमार जायसवाल (26) पुत्र हरिशंकर जायसवाल बृहस्पतिवार को बाइक से प्रयागराज नैनी के लिए निकला था। जैसे ही वह बरौत बाजार से आगे हाईवे पर पहुंचा था कि पीछे से आ रहे किसी वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह डिवाडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोग उसे सड़क के किनारे लेकर आए और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

**दो बहनों में इकलौता भाई था :** बरौत चौकी प्रभारी सौरभ पांडेय ने एंबुलेंस बुलाकर नीतीश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहां



पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को मिली तो वह तुरंत मौके पर पहुंच गए। बेटे का शव देखकर सभी बदहवास हो गए। नीतीश नैनी में रहकर पीसीएस की तैयारी करता था। उसकी शादी होने वाली थी। एक दिन पहले बुधवार को ही उसकी सगाई हुई थी। पिता हरिशंकर जायसवार ने रोते हुए बताया कि नीतीश उनकी दो बेटियों के बीच इकलौता बेटा था। वह मेरे आंख का तारा था। उसका सपना पीसीएस बनने का था, इसलिए वह प्रयागराज नैनी के भीम नगर में रहकर तैयारी कर रहा था। जिसकी अभी एक दिन पूर्व ही सगाई हुई थी।

# महिला की हत्या में करीबियों पर भी पुलिस की नजर!

## मृतका लक्ष्मीना झूंसी के लालचौक पर फूल बेंचती थी

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में पूरे सूरदास कछार में मार कर फेंकी गई सरायइनायत के सीहीपुर की फूल विक्रेता लक्ष्मीना की हत्या में उसके करीबियों पर भी पुलिस की नजर है। प्रापर्टी का भी विवाद पता चला है। इस एंगल पर भी पुलिस जांच कर रही है। रविवार को पूरे सूरदास कछार में फूल विक्रेता लक्ष्मीना पत्नी ननकऊ का शव मिला था। कातिल लक्ष्मीना की हत्या कर शव बोर में भरकर कछार में फेंक गए थे। एक दिन बाद महिला के शव की शिनाख्त हुई। तब पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया पोस्टमार्टम में मौत का कारण तो स्पस्ट नही हुआ पर यह जरूर पता चला की लाश तीन दिन पुरानी है। पुलिस की माने तो कातिल महिला की हत्या कर शव को कही छुपा रखा था। बदबू आने पर शव कछार में ठिकाने लगा कर फरार हो गए। प्रापर्टी का भी विवाद पता चला है उस एंगल पर भी जांच चल रही है। लक्ष्मीना झूंसी के लाल चौक पर फूल बेचती थी। उसके साथ फूल बेचने वालों से भी पूछताछ की जा रही है।

## शराबियों ने सिविल लाइंस में की मारपीट

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में शराबियों के बीच मामूली बात - को लेकर हुए विवाद के बाद - जमकर मारपीट हुई। 20 से ज्यादा युवकों ने सड़क पर एक- दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। लात-घूंसे बरसाने के साथ ही डंडे भी चलाए। सड़क पर 10 मिनट तक खुलेआम मारपीट करने के बाद हमलावर धमकाते हुए भाग निकले।घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। बताया जा रहा है कि सुभाष चौराहे से हॉट स्टफ जाने वाली रोड पर रिलायंस ट्रेंड के सामने रात में युवकों के दो गुट मौजूद थे। किसी बात को लेकर इनमें आपस में विवाद हो गया। पहले गाली गलौज हुई और फिर बात मारपीट तक पहुंच गई। इसी दौरान दोनों पक्षों ने फोन कर अपने साथियों को भी बुला लिया। जिसके बाद वहां कार में भरकर युवक पहुंचे। इसके बाद वह एक दूसरे पर टूट पड़े। लात-घूंसों के साथ ही डंडे से हमला किया।उधर इस घटना का वीडियो भी सोशल हुआ। मीडिया पर वायरल प्रभारी सिविल लाइंस रामाश्रय यादव ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली थी। हालांकि कोई पक्ष मौके पर नहीं मिला। न ही कोई शिकायत थाने पर आई। वीडियो मुझे नहीं मिला है। आसपास लगे कैमरों का फुटेज खंगाला जा रहा है।

# आश्रम पद्धति विद्यालय खाई में शराब पार्टी में मारपीट, रसोइया लापता

## गायब रसोइया की पत्नी ने प्रधानाचार्य पर लगाया हत्या का आरोप

**करछना।** तहसील क्षेत्र के खाई में आश्रम पद्धति विद्यालय में सैकड़ों छात्र अध्ययन करते हैं और विद्यालय कैंपस में सभी छात रहते हैं वीति रात 11:30 बजे रसोइया का कार्य करने वाला देवीलाल यादव निवासी गडेवरा कोहडार थाना मेजा और विद्यालय के फर्मासिस्ट विकास मणि त्रिपाठी के बीच शराब पार्टी में रात्रि जम कर मारपीट हुई और विद्यालय कैंपस में रह रहे छात्रों में अफरातफरी मच गई और रात्रि से रसोइया देवी लाल का विद्यालय से गायब है सुबह जानकारी होने पर देवीलाल की पत्नी सीमा देवी को जानकारी होने पर करछना पुलिस को लिखित शिकायत तहरीर देकर आरोप लगाया कि विद्यालय का प्रधानाचार्य अबु मोहम्मद और फर्मासिस्ट विकास मणि त्रिपाठी कुछ अज्ञात लोगों ने मेरे पति की हत्या कर




लाश गायब कर दिया है कि शिकायत पर पुलिस के कान खड़े हो गए और समाज कल्याण विभाग अधिकारी भी पहुंच गए देखते देखते बड़ी संख्या में आस पास के गांव व देवी लाल के गांव के सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ विद्यालय को घेर लिया और प्रधानाचार्य के खिलाफ मोचाबंदी कर दिया तो अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए जो देर शाम तक भीड़ विद्यालय पर डटी रही और शिक्षण कार्य पूरी तरह ठप रहा, गायब देवीलाल की पत्नी और ग्रामीण इस बात पर अडे रहें कि गायब रसोइया देवी लाल को खोज कर लाए वरना प्रधानाचार्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत करें पुलिस अधिकारियों के एक दिन के आश्वासन पर लोग सहमत हो गए, लेकिन वही प्रधानाचार्य को इस बावत फोन पर बात करने की कोशिश की गई लेकिन फोन रिसीव नहीं किया।

## न्यूज झरोखा

### प्रयाग पुरम सहित चक दोदी क्षेत्र में पानी की किल्लत

**नैनी।** नैनी प्रयाग पुरम चक दोदी नैनी वार्ड में पानी की किल्लत भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर प्रभारी संयोजक प्रदीप तिवारी जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज संजय श्रीवास्तव ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा सड़क निर्माण करते समय में पाइपलाइन फट जाने के कारण प्रयाग पुरम सहित पूरे चक दोदी क्षेत्र में पानी के लिए मची हाहाकार सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने तत्काल जल निगम जल संस्थान के अधिकारियों से पाइप लीकेज को ठीक करने की मांग करते हुए कहा कि तत्काल ठीक कराया जाए जिससे सुचारू रूप से चालू किया जाए इसकी जानकारी महापौर गणेश केसरवानी को दे दी गई है एवं जल संस्थान के अभियंता एसपी सिंह को भी जानकारी दे दी गई है तत्काल बनाया जाए।



### पार्षद ने सावन से पहले राम मंदिर की गली साफ करवाई



**नैनी।** नैनी वार्ड 20 चक रघुनाथ में जमुना नगर राम मंदिर की गली में सावन से पहले सफाई करवाते हुए। पार्षद राकेश जयसवाल ने लोगों से अनुरोध किए हैं कि अपने घर का कूड़ा एक जगह रखिए। बरसात के मौसम में बीमारी फैलने का खतरा ज्यादा रहता है। इसलिए दो बार नगर निगम के द्वारा साफ सफाई व कूड़ा उठाया जा रहा है।

### जिला जेल को दिया उपकरण

**प्रयागराज।** जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के लिए बुधवार को लायंस क्लब इलाहाबाद, अरुणिमा लायंस इलाहाबाद, एंजेल्स एवं लायंस क्लब अशोक की ओर से दो बल्ड प्रेशर मशीन, दो ऑक्सीमीटर आदि भेंट किए गए।इस मौके पर डॉ.अर्पण धर दुबे, वरिष्ठ जिला जेल अधीक्षक अमिता दुबे, धीरेंद्र मिश्र, माला मिश्रा, डॉ. सुशील शुक्ल रहे।

### ई रिक्शा वाले बन रहे हैं लोगों की मौत का कारण

**नैनी।** नैनी में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं से व्यापार मंडल के महामंत्री ने चिंता व्यक्ति की इस संबंध में व्यापार मंडल के महामंत्री घनश्याम जायसवाल ने मांग कि है पुलिस कमिश्नर प्रयागराज, ट्रैफिक पुलिस अधीक्षक प्रयागराज से तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की गई है। जायसवाल ने कहा कि बाईपास नया पुल अरैल चौराहा शंकर ढाल एडीए मोड प्रमुख चौराहो पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की जाए। आए दिन दुर्घटनाओं से व्यापारी, नागरिक, बच्चों के अभिभावक के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। जायसवाल ने कहा कि इस समय शहर में ई रिक्शा बन रहा लोगों के लिए मौत का कारण इस पर भी अंकुश लगायाजाए। अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो व्यापार मंडल जल्दी कोई बड़ा निर्णय लेगा।

# महाकुंभ को लेकर अफसरों और साधु-संतों की बैठक में निर्मल गंगा और पॉलिथीन मुक्त मेले पर जोर

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में बृहस्पतिवार को अफसरों और अखाड़ों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में महाकुंभ को लेकर व्यवस्था और सुरक्षा पर चर्चा की गई। बैठक में सभी 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी। सभी संतों ने गंगा की निर्मलता और पॉलिथीन मुक्त मेले पर जोर दिया। साथ ही अखाड़ों को सुविधा और सुरक्षा देने पर चर्चा की। बैठक के प्रारंभ में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि व अन्य संत महात्माओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि ने कहा कि महाकुंभ को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए अधिकारियों के सामने बात रखी गई है। गंगा की निर्मलता के लिए सबसे जरूरी प्लास्टिक को गंगा और यमुना में जाने से रोकना है। इसको पूरी गंभीरता के साथ लेने की जरूरत है। साथ की अखाड़ों को सुविधाएं देने और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की पूर्ति के लिए चर्चा की गई। बैठक करीब दो घंटे तक चली।अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने बताया कि महाकुंभ मेले में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए अनेक इंतजाम किए जा रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इसमें बड़ा रोल होने वाला है। इसकी तैयारियां की जा रही हैं। साधु संतों का मार्गदर्शन प्राप्त किया गया है। उसी के तहत मेले में व्यवस्थाएं की जाएंगी।




# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने जलाया पकिस्तान का पुतला

## हमले में हुए शहीद जवानों की दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** जिला प्रयागराज अल्प संख्यक मोर्चा ने डोडा जिले में हुए आतंकी हमले तथा हाल ही में जम्मू क्षेत्र में हुए अन्य हमलों के विरोध में सुभास चौक सिविल लाइन्स में प्रदर्शन किया और पाकिस्तान का पुतला फूंका। शहीदों तथा उनके परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए तथा सेना और सुरक्षा बलों के पक्ष में नारे लगाते हुए, अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर अध्यक्ष नवाब खान के नेतृत्व में जिला और अन्य कार्यकताओं ने आतंकवाद की कड़ी निंदा की तथा आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए कार्रवाई की मांग की। शहीद जवान अमर रहें, हमारी सेना जिंदाबाद आतंकवाद बंद करो जैसे नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा नेताओं ने जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि तथा बहुमूल्य जानों के नुकसान पर लोगों की तीव्र नाराजगी तथा गुस्सा




दर्ज किया तथा कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष जनसंख्या मोर्चा नवाब खान ने किया साथ में महामंत्री सैयद उस्मान हुसैन, महामंत्री मनु चावला, प्रदेश कर समिति सदस्य जहाजुद्दीन, उपाध्यक्ष बिलाल अहमद, मोहम्मद शरीफ, परमजीत बग्गा, रेहाना खातून, समसुल कमर काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान, पतविंदर सिंह शाहनवाज आलम, बबलू सरताज, मनीत सिंह, कमल सिंह, तनवीर हैदर, समसुल हुसैन अदनान अहमद मोहम्मद मुजीब मोहम्मद आकिब मोहम्मद नाजिम मोहम्मद अली एवं तमाम अल्पसंख्यक मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षामित्रों ने अपनी मांगों को लेकर भरी हुंकार

## मांगों के पूरा न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के कंपनी गार्डन में आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिले से लेकर ब्लॉक तक के सभी पदाधिकारी की एक मीटिंग हुई जिसमें यह बताया गया कि सरकार से हम लोगों ने सात सालों से लगातार अपनी मांगों को लेकर विनती कर रहे हैं किंतु सरकार हमारी एक भी मांग मांग अभी तक पूरी नहीं की, इसलिए प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में सभी विकास खंड के बीआरसी कार्यालय पर शिक्षामित्र धरना प्रदर्शन करेंगे।



कम्पनी गार्डेन में बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष रीना सिंह व अन्य।

शिक्षामित्रों ने कहा कि सभी शिक्षामित्र अपने विद्यालय में शिक्षण कार्य करेंगे और 2 बजे बीआरसी कार्यालय पहुंच जाएंगे। 4 बजे तक प्रदर्शन करके सभी एबीएसए को ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला अध्यक्ष रीना सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। शिक्षामित्रों ने कहा कि सरकार हमारी मांग नहीं पूरी करती है तो 9 अगस्त को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष रीना सिंह ने कहा कि यह प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार हमारी मांग पूरी नहीं कर देती। उन्होंने कहा कि दस हजार रुपये में शिक्षामित्र का खुद का खर्च नहीं है तो परिवार का खर्च कहां से पूरा करें। बैठक में जिला महामंत्री रामकृष्ण विश्वकर्मा, रेखा देवी, राम सिंह, रामदास यादव, राजकुमार सिंह, संतोष मौर्य, राकेश धर यादव, उदय शंकर मिश्रा, राजकुमार शुक्ला, कमलेंद्र सिंह, जगतपाल यादव, दिग्विजय सिंह, विवेक सिंह, मक्खन जायसवाल, प्रदीप शुक्ला, रीना उपाध्याय, मीना देवी, कमलेंद्र सिंह, पंकज सिंह, सरला सिंह, मोहम्मद उमर, कमलेश चंद्र पांडे, जितेंद्र सिंह, रमाकांत त्रिपाठी, सत्यवान पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को सबइंस्पेक्टर ने दी आत्मरक्षा की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कांवेंट स्कूल धनीपुर, मोहनगंज में मोहनगंज चैकी से पुलिस सब इंस्पेक्टर रिचा अपने सिपाहियों के साथ पहुंचकर छात्र छात्राओं को आत्म रक्षा एवं सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप लोगो को डरने की कोई जरूरत नहीं है, आप देश के भविष्य है। कोई भी समस्या आप इन नंबरों की मदद से हल कर सकते हैं। विद्यालय के अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल ने सभी का ह्रदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप अपनी



छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा की जानकारी देतीं सबइंस्पेक्टरं।

मेहनत से प्रशिक्षण देने आई बहन पुलिस सब इंस्पेक्टर रिचा जी से भी ऊंचे पद पर पहुंच सकती हो। विद्यालय में प्रबंध निदेशक आरती

# शुभम उमरवैश्य ने पूरे जिले का मान बढ़ाया: रामजी उमरवैश्य

## सहायक आयुक्त पद पर चयन होने पर उमरवैश्य समाज ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के बाबूगंज निवासी राजेश उमरवैश्य के बेटे शुभम उमरवैश्य का चयन संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सहायक आयुक्त भविष्य निधि के पद पर चयन होने पर उमरवैश्य समाज ने खुशी जाहिर की है। उमरवैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी उमरवैश्य, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोशनलाल उमरवैश्य, जिला अध्यक्ष गुलाबचंद, महामंत्री शोभनाथ, कोषाध्यक्ष मदनलाल, महादेव, कैलाश मैनेजर आदि पदाधिकारियों ने बाबूगंज में शुभम उमरवैश्य के घर पहुंच कर अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया।

उमरवैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि शुभम ने पूरे



शुभम उमरवैश्य को सम्मानित करते उमरवैश्य समाज के पदाधिकारीगण

जिले का मान बढ़ाया है। उमरवैश्य समाज महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि शुभम उमरवैश्य ने सहायक आयुक्त भविष्य निधि की पोस्ट पर चयन होने से पूरे समाज का गौरव बढ़ा है। हम आशा करते हैं कि शुभम आगे भी इससे बड़ी परीक्षा में उत्तीर्ण होकर समाज व जिले देश का गौरव बढ़ाएंगे। जिला अध्यक्ष गुलाब चन्द्र उमरवैश्य ने कहा कि समाज सभा बच्चो के उत्साह वर्धन के लिए हर वर्ष मेधावी सम्मान समारोह करती है, जिससे बच्चों का उत्साह बढे। बधाई देने के लिए समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आमान्य विद्यालयों को बीईओ ने निरीक्षण कर कराया बन्द

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र मान्धाता में चल रहे बिना मान्यता वाले विद्यालयों के विरुद्ध अभियान चलाकर खण्ड शिक्षा अधिकारी मान्धाता ने निरीक्षण किया तथा ग्राम सभा चघईपुर में आमान्य विद्यालय ए. एम. एजूकेशन सेन्टर तथा फतिमुज्जर मदरसा तथा शोभीपुर मे चल रहे अलसफा एकेडमी जो बिना किसी वैधानिक मान्यता के संचालित थे, के विरुद्ध कार्रवाही करते हुए विद्यालय को तत्काल बन्द करा दिया। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में बिना मान्यता के विद्यालय संचालित किया गया तो नियमानुसार जुर्माना तथा प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी। साथ ही उक्त विद्यालयों मे पढ़ रहे छात्रों का प्रवेश नजदीक प्राथमिक विद्यालयों मे करने का निर्देश प्राथमिक विद्यालय शोभीपुर और चघईपुर के प्रधानाध्यापक को दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ ए आर पी राजेश प्रताप सिंह सत्यजीत सिंह और वीरेन्द्र कुमार रहे।

# छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक

## एमडीपीजी मे जल संरक्षण पर आयोजित हुई संगोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में गुरुवार को भूजल सप्ताह के अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु रैली निकाली गई और संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में वक्ताओं ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला और वर्तमान में हो रही जल की बर्बादी को रोकने के तौर-तरीके सुझाए।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र ने कहा कि जल ही जीवन है। यदि धरती पर जल न रहा तो मनुष्य ही नहीं



जल संरक्षण पर आयोजित संगोष्ठ में बोलते प्राचार्य प्रो0 अरविन्द मिश्र

बल्कि अन्य जीव-जंतुओं एवं वनस्पतियों का भी जीवन संभव नहीं होगा। यही नहीं हमारी प्रगति का आधार भी जल ही है। अधिकांश ऊर्जा इकाइयां एवं बड़े-बड़े उद्योग जल पर आधारित हैं। इसलिए जल का संरक्षण हम सभी का पुनीत दायित्व है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को खुद जल की बर्बादी रोकने एवं आसपास के लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए कहा। राजनीति विज्ञान के प्रो ए के तिवारी ने कहा कि वर्तमान में पेय जल का जबर्दस्त संकट उत्पन्न हो रहा है। ऐसे में हम सभी को जल की बर्बादी रोकनी होगी। वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ छवि नारायण पांडेय ने कहा कि जल का समुचित संरक्षण न होने से पृथ्वी का जल स्तर लगातार नीचे गिर रहा है जो कि घोर चिंता का विषय है। दुनिया के कई देशों तथा भारत में भी कई प्रान्तों में पेय जल का संकट है। एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी डॉ राजेंद्र मिश्र ने छात्र-छात्राओं को जल का सीमित प्रयोग करने और मिट्टी में गड्ढे बनाकर जल को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। सैन्य विज्ञान के डॉ राजवंत सिंह ने जल के महत्व एवं जल के अभाव होने पर उत्पन्न होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रो संतोष कुमार पांडे, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ बलराज मिश्र, डॉ मृदुल उपाध्याय, डॉ स्वामीनाथ तिवारी, विजय पांडे आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## पांच देशी बम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने देशी बम के साथ एक युवक को धर दबोचा। मुकदमा दर्ज कर गुरूवार को उसे जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा दीपक यादव गुरूवार सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर से राजेन्द्र नगर चैराहा के बगल स्थित एक बाग में एक संदिग्ध युवक के मौजूद होने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपी लालगंज निवासी ज्ञानू उर्फ मुन्नू गौतम पुत्र चंद्रभान गौतम को पांच देशी बम के साथ गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक दीपक यादव ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# पालकी शोभायात्रा से कल, शुरू होगा साईनाथ महोत्सव

## महोत्सव को लेकर पूरी हुई तैयारियां

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साई दर्शन मंदिर बलीपुर में होने वाले 34वें तीन दिवसीय परंपरागत साई नाथ महोत्सव आयोजन की तैयारी पूरी हो गई है। शनिवार 20 जुलाई को बाबा की नगर भ्रमण पालकी शोभायात्रा से इसका शुभारंभ होगा।

कोर कमेटी की अंतिम तैयारी व समीक्षा बैठक बुधवार देर रात तक चली। इसमें भक्तों के सुझाव को फाइनल किया गया। सर्वसहमति से सारी रूपरेखा तय की गई।



साईनाथ महोत्सव तैयारी बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

सबको परिचय पत्र, पट्टिका व टोपी प्रदान करके अपने दायित्व को निभाने को प्रेरित किया गया। अध्यक्ष साई भक्ति प्रसार भूषण शैलेंद्र नाथ ने बताया कि आस्था के इस आयोजन का शुभारंभ 20 जुलाई शनिवार को शाम चार बजे से पालकी शोभायात्रा से होगा। इसमें साईं नारायण संस्थान भक्त मंडल की देखरेख में भक्तगण शामिल होंगे। यात्रा पुराने रूट से यानी बलीपुर, ट्रेजरी चैराहा, अंबेडकर चैराहा, श्रीराम चैराहा, चैक, बाबागंज व भंगवा चुंगी से होकर पुनरू बलीपुर साई दर्शन मंदिर पहुंचेगी। दूसरे दिन 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व मंदिर में मनाया जाएगा। दोपहर में आरती होगी। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष त्रिपाठी, विनोद सिंह, प्रदीप शुक्ल, रोशनलाल ऊमरवैश्य, संजय खंडेलवाल, विजय शुक्ल, आरपी सिंह राजू, शिवेंद्र नाथ मिश्र, देवव्रत मिश्र, उत्कर्ष मिश्र, ओम शुक्ल, शनिव्रत, विवेक धींगरा व शिवम मिश्र ने सुझाव रखे। मंदिर को दिव्यता से सजाया जा रहा है। महिला भक्त मंडल, युवा मंडल को भी जिम्मेदारी दी गई है। शोभायात्रा में बैंड, डीजे, रथ व झांकी, भजन मंडली आदि रहेगी।

# अनियंत्रित बाइक बिजली के पोल से टकराई, युवक की मौत

## सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर से ससुराल के लिए निकले युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से उसे सीएचसी भेजा गया पर इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

कोहड़ौर थाना क्षेत्र के कांधरपुर गांव के रहने वाले जितेंद्र कुमार वर्मा (32) पुत्र राम प्यारे वर्मा बुधवार की देर शाम अपने घर से ससुराल के लिए निकला था अभी वह करैला बाजार के समीप पहुंचा था कि सड़क के किनारे लगे पोल से बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई और भिड़ंत इतनी जोरदार रही थी कि विद्युत पोल टूट कर गिर गया जिसमें उसे गंभीर चोटें आई। भिड़ंत की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर आए और उसे 108 एंबुलेंस की मदद से पट्टी सीएचसी भेजा जहां पर इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

## शराब का पैसा न मिलने पर जुल्मी ने किया आत्महत्या की कोशिश

**प्रतापगढ़।** शहर के रामलीला मैदान में बनी झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले 35 वर्षीय जुल्मी पुत्र गुण्डा ने शराब पीने के लिये पत्नी से पैसा न मिलने पर फांसी का फंदा लगा लिया लेकिन लोग दौड़ पडे और उसे किसी तरह बचाया। बहरहाल युवक को उपचार के लिये मेडिकल कालेज के अस्पताल ले जाया गया जहां से हालत गंभीर होने पर उसे प्रयागराज के लिये रेफर कर दिया।

# पीएम के बाद शव पहुंचा घर, परिजनों ने चौक पर लगाया जाम

## प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने पर परिजन अंतिम संस्कार को हुए रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खेत में काम करने जा रहे युवक की करंट की चपेट में आने से मौत के बाद पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार की अपराह्न शव घर आई तो परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने बिजली विभाग की मनमानी का आरोप लगाते हुए पट्टी चैक पर शव रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर भारी भरकम फोर्स और कोतवाल नायब तहसीलदार के समझाने बुझाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए। जाम समाप्त होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मौर्य नगर के रहने वाले सुमित मौर्या 20 वर्ष पुत्र राजेंद्र मौर्य बुधवार की शाम वन विभाग ऑफिस के पास स्ट्रीट लाइट के पास पहुंचा था कि अचानक करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने सीएचसी पट्टी में भर्ती कराया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही से युवक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार की अपराह्न शव घर आई तो परिजनों में कोहराम मच गया। और आक्रोशित परिजनों ने शव को पट्टी चैक पर रखकर जाम लगा दिया। शव रखकर जाम लगाने की सूचना पर नायब तहसीलदार पवन कुमार सिंह कोतवाल आलोक कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों की हर संभव मदद के आश्वासन पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। और शव को अंतिम संस्कार के लिए रवाना हो गए।

## एसपी कार्यालय का एसपी ने किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने एसपी कार्यालय पहुंचकर कार्यालय में मौजूद दस्तावेज को चेक किया। कार्यालय में साफ सफाई अभिलेखों/उपकरणों के रखरखाव आदि को देखते हुए कार्यालय में मौजूद पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उसके बाद पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार पहुंचे अपने कार्यालय पहुंचकर ऑफिस में बैठकर फरियादियों को अपने सामने कुर्सी पर बैठकर उनकी की समस्या सुनते हुए कई समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया।

# बीजेपी आईटी सेल के प्रभारी को बर्खास्त करने की मांग, कांग्रेसियों ने बैठक कर की निंदा

## कांग्रेसियों ने बैठक कर की निंदा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीजेपी आई टी सेल के प्रभारी अमित मालवीया के उस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की गई और बीजेपी आई टी सेल से बर्खास्त करने की मांग की गई, जिसमें उन्होंने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की हत्या उनके द्वारा लिए गए गलत निर्णयों की वजह से हुई थी।




बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आगे किये जाने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया, जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों को बचाने के खिलाफ ज्ञापन व प्रदर्शन, सावन महीने के प्रत्येक सोमवार के पहले रविवार को शिवभक्त कांवरियों को भोजन करने हेतु प्रमुख मार्गों पर भंडारे का आयोजन, आकाशीय बिजली से मारे गए लोगों के घर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा वार गठित कमेटी को भेजकर पीड़ित परिवारों को सरकारी मुआवजा दिलाने हेतु प्रयास करना तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0 अजय राय के निर्देश से जनपद के सभी बूथों पर वृहद वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम को करना शामिल हैं। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0 वी0के0सिंह, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, अभय किशोर तिवारी, मोनू मिश्रा, विकास सिंह, सद्दाम अहमद, धनगू यादव, राम रतन तिवारी, राधे श्याम दूबे, मो.वसीम, सुरेश कुमार, रियाज सुलतान, मो.सईद, मो.नौशाद, आशीष शुक्ला, साहिल सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे व अपने विचार रखे।

# युवक को रोक कर लाठी डंडों से मारपीट कर किया घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दिहाड़ी मजदूरी का काम खत्म कर घर जा रहे मजदूर युवकों की रास्ते में रोक कर आपसी रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया गया। बता दें कि नोही गांव के रहने वाले विकास चैहान व अभयराज चैहान टाइल्स और मार्बल लगाने का काम करते हैं। प्रतिदिन की भांति अपने काम को खत्म करके ढेर शाम लगभग 8.30 बजे घर जा रहे थे तभी गांव के समीप रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने दोनों युवक को रोककर पुराने दुर्गापूजा के विवाद के रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया गाय। हल्ला गुहार पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के बीच बचाव किए जाने पर किसी तरह युवक की जान बच सकी। मामले में पीड़ित युवकों ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## हाईकोर्ट से ईओ राम अचल कुरील को मिला स्टे

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील को 29 जून के पत्र में निदेशक द्वारा निलम्बित कर दिया गया था, जिस पर अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी और अपने निलम्बन को चुनौती दी थी। ईओ के अधिवक्ता सम्पूर्णानंद शुक्ल ने जिलाधिकारी संजीव रंजन जो नगर पालिका के प्रशासक भी हैं, का वह पत्र भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमें वह कारण लागू नहीं होते जिसके आधार पर ईओ को निलम्बित किया गया है, इसलिये निलम्बन को रद्द किया जाए। न्यायालय ने जांच को जारी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि उन्हें इस दौरान कार्य करने से नहीं रोका जाएगा। वह नगर पालिका में रहकर कार्य करते रहेंगे।

## चेन लूटने वाले को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के कोतवाल अर्जुन सिंह ने एक बड़ी लूट का खुलासा किया है। महिला की चेन लूटने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली कि शहर के भगवा चुंगी मोड पर एक महिला की चेन लूट ली गई है। रात को सूचना मिलते ही कोतवाल अर्जुन सिंह ने अपनी टीम के साथ त्वरित कार्रवाई की और संदिग्धों को घेर लिया। पुलिस ने चैतरफा घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से लूटी गई चेन भी बरामद कर ली गई है। कोतवाल अर्जुन सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया से इस लूट का जल्द खुलासा संभव हो पाया है। जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है और किसी भी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## रेलवे टिकट कैंसिल करने के दौरान खाते से उड़ाए 68 हजार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के जनवामऊ निवासी शिवम मिश्रा पुत्र दुर्गेश मिश्रा ने नवाबगंज पुलिस को दिये गये शिकायत पत्र मे कहा है कि बुधवार को रेलवे टिकट के रिजर्ववेशन कैसिल करने के दौरान आईआरसीटीसी से ऑन लाइन टिकट कैसिल करने के दौरान मेरे खाता से 68 हजार रुपये निकलने का मैसेज आ गया जिस पर मैने तुरंत ऑन लाइन के माध्यम से टिकट कैसिल करने वाले से बात करना चाहा तो बात नही किया। पीड़ित शिवम मिश्रा ने नवाबगंज पुलिस को घटना की तहरीर दिया पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जाँच पड़ताल मे जुटी हुई है। घटना को लेकर परिजनों मे हड़कंप मचा हुआ है।

# भू-जल सप्ताह गोष्ठी तथा भू-जल सप्ताह की आवश्यकता महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला



**कौशाम्बी।** प्रभारी परियोजना निदेशक/उपायुक्त मनरेगा मनोज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में उदयन सभागार में भू-जल सप्ताह गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा भू-जल सप्ताह की आवश्यकता/महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।गोष्ठी में सहायक अभियंता,लघु सिंचाई संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई, 2024 तक भूजल सप्ताह प्रभावी ढंग से मनाये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया हैं। इसके अन्तर्गत मुख्य विचार बिन्दु ख़्जल संरक्षण का करो प्रयास-जल ही है जीवन की आस पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। हाईड्रोलाजिस्ट, भूगर्भ जल विभाग, प्रयागराज/ कौशाम्बी श्रीमती अर्चना सिंह ने बताया कि जनपद कौशाम्बी के 08 विकास खण्डों में से 02 विकास खण्ड-चायल एवं मूरतगंज अतिदोहित श्रेणी में हैं। प्रदेश में मानसून काल वर्षा का सीजन 04 माह का होता है, जो माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर एवं अक्टूबर तक माना जाता है, परन्तु यहाँ देखने में आ रहा है कि प्रत्येक वर्ष वार्षिक वर्षा का रिकार्ड दिनों-दिन घटता ही जा रहा है। वर्तमान स्थिति इतनी भयावह है कि इस पर विचार करना नितान्त आवश्यक है कृषि वैज्ञानिक डॉ0 नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि भूगर्भ जल का पुर्नभरण या रिचार्ज कैसे किया जाय, यह गहन विचारणीय प्रश्न है। आज औद्योगीकरण एवं शहरी विकास के कारण एवं कंक्रीटों से भूमि आच्छादित कर दिये जाने के कारण भूजल पुर्नभरण या रिचार्ज बहुत प्रभावित हुआ है एवं प्राकृतिक रूप से पुर्नभरण कार्य पूर्णतः बन्द होने के कगार पर है, ऐसी स्थिति में प्रत्येक विद्यालय या शासकीय भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण निश्चित रूप से किया जाय एवं जनपद की नदियों/नालों में चेकडैम/बन्धों का निर्माण, पुराने तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराकर वर्षा जल संचयन की व्यवस्था कराकर एवं भूजल की महत्ता के सम्बन्ध में जन जागरूकता अभियान चलाकर खेत का पानी खेत में अधिक से अधिक दिनों तक रोकने के लिए कार्यकम किये जाय। गोष्ठी में वर्षा जल संचयन कैसे करें, जल की समस्या के समाधान के लिए सुझाव, शहरों में कैसे हो भूगर्भ जल का नियोजन, रोजमर्रा के घरेलू कार्यों में जल बचत, किसान किस प्रकार कर सकतें हैं जल की बचत, उद्योगों/ व्यवसायिक क्षेत्रों में जल बचत के टिप्स तथा ग्रामीणों क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन की उपयुक्त तकनीकें-तालाब/ जलाशय का निर्माण/ जीर्णोद्वार, गली/नाला प्लगिंग, रिचार्ज कूप एवं फालतू जल के रिचार्ज पिट पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही भूगर्भ जल रिचार्ज के लाभ के विषय में भी जानकारी दी गोष्ठी में उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं प्रभारी जिला विकास अधिकारी/उपायुक्त एनआरएलएम सुखराज बन्धु ने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जल संचयन पर विशेष बल दिया। प्रभारी परियोजना निदेशक ने उपस्थित सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को जल शपथ दिलाई कि-हमें पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग की शपथ लेता हूँ। मैं यह भी शपथ लेता हूँ कि मैं जल का समुचित उपयोग करूँगा तथा पानी की हर एक बूंद का संचयन करूँगा और कैच द रेन अभियान को बढ़ावा देने में पूरा सहयोग दूंगा। मैं पानी को एक अनमोल सम्पदा मानूँगा और ऐसे मानते हुए ही इसका उपयोग करूँगा। मैं शपथ लेता हूँ कि मैं अपने परिवारजनों, मित्रों और पड़ोसियों को भी इसके विवेकपूर्ण उपयोग और उसे व्यर्थ नहीं करने के लिए प्रेरित करूँगा। यह हम हमारा है और हम ही इसे बचा सकतें हैं, और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकतें हैं।

# मुंडन समारोह में शामिल होने ननिहाल आया 5 वर्षीय मासूम कुएं में गिरा, मौत

**मासूम को कुएं से बाहर निकालने के लिए कुएं में उतरा युवक जहरीली गैस से हुआ बेहोश**



**कौशाम्बी।** कड़ा थाना अंतर्गत दारानगर के पास फरीदगंज गांव में एक हृदय विदारक घटना देखने को मिली। अपने ननिहाल फरीदगंज आया मासूम जयेश उम्र 05 वर्ष पुत्र गुड्डू बुधवार की रात में मुंडन संस्कार समाप्त होने के बाद अपने ननिहाल के पड़ोस में कुएँ के पास खेल रहा था वहीं पर कुछ महिलाएं घाट-बाट की पूजा कर रहीं थीं। अचानक पैर फिसलने से मासूम जयेश कुएँ में जा गिरा, जो कि बहुत गहरा था। कुएँ में उतरने की किसी की हिम्मत नहीं पड़ रही थी। वहीं पड़ोस का रहने वाला बृजेश कुमार उम्र 27 वर्ष पुत्र कुल्लू ने हिम्मत दिखाई और कुएँ में उतर गया। कुएँ में उतरते ही बृजेश बेहोश हो गया। आनन फानन में मौजूद लोगों ने 112 को फोन किया। धीरे- धीरे मौके पर प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचने लगे। फायर ब्रिगेड की टीम और 108 एम्बुलेंस भी पहुंची। कड़ी मसक्कत के बाद बृजेश को कुएँ से निकाला गया और उसे 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। थोड़ी देर बाद मासूम भी कुएँ में नजर आया। मौके पर मौजूद ग्रामीणो एवं फायर ब्रिगेड टीम की मदद से मासूम जयेश को कुएँ से निकालकर 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया जहाँ चिकित्सकों ने मासूम बालक जयेश को मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

# हटाए गए कौशांबी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**शासन के नियमों के विपरीत मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर संभाला 18 दिनों तक कार्यभार**

**डॉक्टर संजय कुमार बने कौशांबी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी**

**कौशांबी।** चिकित्सा अनुभाग 2 उत्तर प्रदेश शासन ने कौशांबी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुष्पेन्द्र कुमार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद से हटाते हुए वरिष्ठ परामर्शदाता जिला चिकित्सालय गाजियाबाद के पद पर स्थानांतरण करने का आदेश जारी किया है और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवरिया डॉक्टर संजय कुमार को कौशांबी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं बताते चलें की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुष्पेन्द्र कुमार 30 जून को 62 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं राज्यपाल के आदेश के मुताबिक 62 साल की उम्र पूरी करने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर कोई व्यक्ति तैनात नहीं रह सकता लेकिन इन्होंने सरकार के आदेश को चुनौती देते हुए 18 दिनों तक तानाशाही से मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कार्य संभाला है इस दौरान इनके द्वारा किए गए आहरण वितरण और प्रशासनिक कार्यवाही की जांच कराए जाने की जरूरत है सरकार के आदेश के विपरीत किए गए कार्य बड़ी जांच का विषय है और 18 दिनों तक शासन के नियमों के विपरीत मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यभार संभालने वाले सुष्पेन्द्र कुमार के कारनामे को यदि शासन ने गंभीरता से लेकर जांच कराई तो अभी डॉक्टर सुष्पेन्द्र कुमार पर और बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

# व्यापारी जीएसटी और आयकर दाता है व्यापारियों को सरकारी संरक्षण मिलना चाहिए : संजय गुप्ता

**व्यापारियों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर उनका उत्पीड़न बंद किया जाए**



**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक संजय गुप्ता और ऑल इंडिया वैश्य फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर हलवासिया एवं प्रतिनिधि मंडल के साथ एक बैठक मुख्यमंत्री आवास पर व्यापारी नेताओं की मुख्यमंत्री से हुई जिसमें व्यापारियों से सम्बंधित कई समस्याओं पर चर्चा परिचर्चा करते हुए इसके निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री से मांग की गई मुख्यमंत्री ने व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने पहुंचे पूर्ण विधायक संजय गुप्ता व ऑल इंडिया वैश्य फेडरेशन प्रतिनिधि मंडल ने भामाशाह की जयंती पर व्यापारिक कल्याण दिवस घोषित करने पर मुख्यमंत्री को बधाई दी है और बधाई पत्र दिया व्यापारियों की समस्याओं से संबंधित पांच पत्र मुख्यमंत्री को दिया व्यापार से जुड़े मुद्दे के समस्याओं के समाधान की बात उठाई गयी मिजार्पुर जनपद में वैश्य समाज की जमीन पर माफियाओं ने कब्जा कर लिया था इस मुद्दे को भी मुख्यमंत्री के सामने उठाया गया जिस पर उन्होंने तत्काल डीएम से बात करके वैश्य समाज की जमीन को माफियाओं से मुक्त कराने के निर्देश दिए। मुलाकात करने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि आयकर दाता और जीएसटी कर देने वाले व्यापारियों पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर लेती है उस पर रोक लगाई जाने की मांग की गई पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जैसे सरकारी कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने के पहले मामले की जांच कराई जाती है जांच में दोषी पाए जाने के बाद अधिकारियों के निर्देश पर कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होता है इस तरह व्यापारियों पर आरोप लगने पर पहले मामले की जांच हो जांच में दोषी पाए जाने के बाद व्यापारियों पर मुकदमा दर्ज करने के पहले जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी के आदेश के बाद व्यापारियों पर मुकदमा दर्ज हो संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारी राज्य सरकार को बड़ा टैक्स देते हैं जो प्रदेश के विकास में सहायक है ब्यापारी जीएसटी और आयकर दाता है टैक्स देते हैं व्यापारियों को सरकारी संरक्षण मिलना चाहिए व्यापारियों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर उनका उत्पीड़न बंद किया जाए।

## न्यूज झरोखा

### उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ संघ द्वारा जिला चिकित्सालय के अधिकारियों को किया सम्मानित




**कल्याणपुर कौशांबी** उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ संघ शाखा कौशांबी के द्विवार्षिक अधिवेशन में संयुक्त जिला अस्पताल/स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरि ओम कुमार सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ला को राज्य कर्मचारी संघ कौशांबी एवं लैब टेक्नीशियन संघ के अध्यक्ष मोतीलाल सिंह एवं राज्य कर्मचारी संघ के महामंत्री रमेश सिंह के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया है।इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने अपने उदबोधन में कहा कि आप सभी लैब टेक्नीशियन स्वास्थ्य विभाग से हैं इसलिए आप सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति भी हमेशा सजग रहे आप को भी अपनी शुगर की जांच कम से कम तीन महीने में एक बार अवश्य करना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि आज लैब टेक्नीशियन संघ की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर हम लोगो को सम्मानित किया गया है इसके लिए आप सभी को बहुत बहुत बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं देते है आप सभी अपने कार्यों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक निभाते हुए मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें। एचओडी रवि रंजन सिंह ने भी सभी को जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामना दिया।अधिवेशन में लैब टेक्नीशियन संघ के पदाधिकारियों में महामंत्री पूनम देवी कोषाध्यक्ष पीयूष शुक्ला आदि लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल



**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के महगांव जीटी रोड पर थाने के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मर दिया जिससे बाइक सवार युवक बाइक समेत दूर जा गिरा जिससे युवक गम्भीर रूप से चोटिल हो गया टक्कर मारने के बाद ट्रक तेजी से मूरतगंज की ओर भागने लगा तो संदीपन घाट पुलिस व मूरतगंज चौकी पुलिस ने घेरा बंधी करते हुए ट्रक को पकड़ लिया और घायल युवक को फौरन 108 एम्बुलेंस से इलाज हेतु भेज दिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक घायल युवक मुरली पुत्र झुराई निवासी ग्राम धमसेडा थाना चरवा का रहने वाला है, प्रयागराज से अपने गांव आते वक्त महगांव में जीटी रोड पर संदीपन घाट थाना के पास तामाम गाड़ी पार्क होने की वजह से साइड ना मिलने से दुर्घटना का शिकार हो गया जिससे उसे गम्भीर चोट आई है प्रत्यक्ष दर्शियो के अनुसार मुरली का पैर टूट गया है।

### विद्युत चोरी करते कई लोगों को विभाग ने पकड़ा

**बेनीराम कटरा** कौशाम्बी नेवादा ब्लाक थाना चरवा अंतर्गत बरियावा गांव में विद्युत विभाग के टीम ने पुलिस प्रशासन के साथ विद्युत चोरी करने वाले लोगों के घर में अचानक छापा मार दिया है जिससे गांव में हड़कंप मच गया है छापा मार टीम ने बरियावां में कटिया लगाने वाले ज्ञान सिंह पटेल पुत्र राज बहादुर वा.प्रधान पति मुन्ना सरोज वा.ताराचंद्र साहू पुत्र किसून दास वा कमलेश पटेल पुत्र हरी राम वा.पहलाद साहू के घरों में बिना कनेक्शन के विद्युत उपयोग करते पाया है जिस पर विभाग के अधिकारियों ने विद्युत चोरी करने वाले ग्रामीणों के ऊपर जुमार्ना और विभागीय कार्यवाही की है गांव में विद्युत टीम के छापा से विद्युत चोरी करने वाले लोगों में दहशत का माहौल है टीम के अधिकारियों के गांव पहुंचने के पूर्व कई लोगों ने अपनी कटिया की तार निकाल दी थी जिससे कई लोग विभाग की नजर से बच गए हैं जांच करने वाले अधिकारियों ने बताया कि गांव में फिर विद्युत चोरी की जांच की जाएगी और विद्युत चोरी करने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी

### एटीएम बदलकर फ्राड करने वाले 2 युवकों को पुलिस और पब्लिक ने धर दबोचा

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र में एक एटीएम बूथ पर रुपए निकालने आए युवक से एटीएम बूथ के बाहर घात लगाए खड़े 2 युवकों ने एटीएम बदलकर फ्राड करने की कोशिश की किंतु युवक सजग था ,शोर मचाकर फ्राडीयों के मंशूबो पर पानी फेर दिया शोर सुनकर पास रहे लोगों ने दौड़ा लिया कुछ तो फरार हो गए ,2 युवक उधर ही भागे जिधर पुलिस रहती है ,पुलिस के जवानों और नगर वासियों ने युवकों को खदेड़ कर पकड़ लिया युवकों से क्षेत्रीय पुलिस पूंछ तांछ में जुट गई है।

### अपने बहनोई के साथ मिलकर पत्नी को लाठी डंडे से पीटा

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा गांव की निवासी रीता देवी का अपने पति और ससुराली जनों से विवाद चल रहा है 17 जुलाई को रीता देवी संदीपन घाट थाना क्षेत्र के काजीपुर स्थित अपने खेत पर गई थी इस बात की भनक रीता देवी के पति लाल जी को लग गई रीता का पति लाल जी अपने बहनोई सूबेदार यादव को साथ लेकर खेत पर पहुंचा और गाली गलौज करते हुए रीता देवी को लाठी डंडे से पीट दिया है जिससे रीता देवी को चोट आई है रीता देवी का कहना है कि उसका पति अपनी संपूर्ण संपत्ति अपनी बहन और बहनोई को देना चाहता है मामले की सूचना संदीपन घाट थाना पुलिस को दी गई है

### विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों में पनप रहा आक्रोश

**कौशांबी।** मुख्यालय मंझनपुर पॉवर हाउस कर्मचारी शासनादेश का पालन नहीं कर रहे हैं जिससे अमाजनमानस के बीच सरकार के प्रति आक्रोश पनप रहा है। योगी सरकार का फरमान है की विद्युत सप्लाई ठीक ढंग से की जाए लेकिन विद्युत कर्मचारी सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। आमजनमानस का आरोप है कि मंझनपुर मुख्यालय पावर हाउस में सपा मानसिकता का एक कर्मचारी तैनात है जो योगी सरकार के फररमान के विपरीत कार्य कर रहा है। विद्युत सप्लाई व्यवस्था चुस्त - दुरुस्त नही है जिसके चलते विश्व बैंक फीडर में दिन भर में सिर्फ दो घंटे लाइट आती है और उसमें भी आधे घंटे के अंतराल में ट्रिपिंग कर जाती है। क्षेत्रीय लोग बिजली कटौती से परेशान हैं। लाइट भी आती है तो लो वोल्टेज की लाइट आती है कि लोगों का मोबाइल चार्ज तक नहीं हो पाता है। विश्व बैंक फीडर कनेक्शन धारी और उनका परिवार उमस भरी गर्मी में रात भर जाग कर किसी तरह रात बिताते हैं।

# एआरटीओ कार्यालय के निरीक्षण में दलालों का हुआ खुलासा

**संदिग्ध व्यक्तियों दलालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाय-एडीएम**

**दलालों को बढ़ावा देने वाले एआरटीओ पर आखिर कब होगी कार्रवाई**

'अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने संयुक्त रूप से कार्यालय उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी का किया आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान दलालों का खुलासा हुआ है और दलालों पर कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों ने दिया है लेकिन सवाल उठता है कि दलालों को बढ़ावा देने वाले एआरटीओ और उनके मातहतों पर कब कार्यवाही होगी अधिकारियों ने कहा कि आमजन नया ड्राइविंग लाइसेन्स वा लाइसेन्स नवीनीकरण आदि को घर बैठें बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करे किसी भी दलाल के झासें में न आयें।

जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निदेर्शानुसार अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अरूण कुमार गोंड एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यालय उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कार्यालय में उपस्थित रामचन्द्र दुबे पुत्र शिव औतार दुबे निवासी कोरों की भूमिका संदिग्ध मध्यस्थता करते हुए पाई गई रामचन्द्र दुबे के पास से इरशाद अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी ग्राम-मो0पुर अनेठा एवं लखन सिंह पुत्र राम आसरे निवासी-गिरधरपुर गढ़ी तथा राम मनोहर पुत्र राम प्रसाद निवासी-मौहरीबाग गोविन्दपुर गोरियों के आधार कार्ड मिलें। इसके साथ ही शोभा लाल गुप्ता पुत्र बच्चू लाल गुप्ता निवासी जलालपुर जवाहरगंज एवं तिल्हापुर का वाहन स्थानान्तरण पत्र मिला।अपर जिलाधिकारी ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यालय परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों दलालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें, जिससे आमजन का शोषण न होने पाये। उन्होंने आमजन से भी आग्रह किया है कि परिवहन से सम्बन्धित अपने कार्यों यथा-नया ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने एवं लाइसेन्स नवीनीकरण आदि को घर बैठें बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें, किसी भी दलाल के झासें में न आयें।

# एक सप्ताह में 3 मौतों से सहमे ग्रामीण

**मौत की सूचना पर पहुंची डॉक्टरों की टीम**



**अझुवा कौशांबी।** कड़ा ब्लॉक के घुमाई गांव में एक परिवार के लोग बीती शाम उल्टी दस्त के शिकार हो गए जिसमे एक मासूम की मौत हो गई वहीं उसके भाई का उपचार प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। धुमाई गांव इस समय सुर्खियों में है बीती शाम सुरेंद्र का परिवार खाना खाकर सोने जा रहे थे सुरेंद्र का छोटा पुत्र अनिकेत ढाई वर्ष अचानक उल्टी दस्त करने लगा जिसे स्थानीय डॉक्टर को दिखाया डॉक्टर ने देखते ही मौत की पुष्टि कर दी रोते बिलखते घर पहुंचे तो बड़ा पुत्र सुमित उल्टी दस्त करने लगा जिसे सुरेंद्र ने रात में ही सिराथू के निजी अस्पताल में भर्ती कराया सुरेंद्र लौटकर घर आकर मासूम अनिकेत का अंतिम संस्कार किया है।आज गुरुवार सुबह आशा बहू सुनीता देवी की सूचना पर कड़ा सीएचसी अधीक्षक और जिले की स्वास्थ्य टीम के साथ मौके पर पहुंचे इस दौरान 20 से 25 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे क्लोरीन, ओ आर एस,उल्टी ,दस्त की दवाएं वितरित की। डा. सऊद ने बताया हैंड पंप के पानी का सैंपल लिया गया है तब तक उपजिलाधिकारी सिराथू से पानी के टैंकर की व्यवस्था हेतु अनुरोध किया गया है, डा. सऊद ने बताया बच्चों के पिता सुरेंद्र का कहना है की बीती शाम बच्चे किसी दुकान से कुर कुरे लाए थे उसी भी खाया है। डा. सऊद ने कहा हो सकता है कुरकुरे इस्पायर डेट के रहे हों,इसलिए बच्चे उल्टी दस्त करने लगे होंगे।वहीं गांव में युद्ध स्तर पर सफाई अभियान जारी है गलियों की सफाई सहित नालियों की गंदगी साफ कर ब्लीचिंग और सेनेटाईज किया जा रहा है। इसके पहले धुमाई गांव के राम करन का परिवार बीते शुक्रवार से उल्टी दस्त से परेशान हो गए जिसमे किशोरी अर्पिता,और उसके बाबा शिवदानी की मौत हो गई थी उसके परिवार के पत्नी लक्ष्मी ,दोनो बेटे लकी,भीम स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज से उपचार करवाकर ठीक हो गए हैं।रामकरन अभी भी स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती है।

# पुलिस चौकी में समझौते के बाद एक पक्ष जबरिया कर रहा विवादित जमीन पर कब्जा

**विरोध करने पर दो लोगों पर हमला गंभीर रूप से हुए घायल**

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेवा में आराजी संख्या 1678 में संपत्ति के मालिकाना हक को लेकर विवाद है जिसका मुकदमा भी अदालत में विचाराधीन है इसी संपत्ति पर कब्जे को लेकर कोतवाली और पुलिस चौकी टेवा में पहले पंचायत हो चुकी है जिसमें दोनों पक्ष को संपत्ति कब्जे से रोक लगाई गई है लेकिन दो दिन पहले कुसला देवी पत्नी विजय बहादुर और उनके समर्थकों ने संपत्ति पर कब्जा करने के लिए मेड तोड़ना शुरू कर दिया है संपत्ति पर ट्रैक्टर चला कर जुताई करवरकर फसल की बुवाई कर दी है जिससे दूसरे पक्ष के कपूर चंद्र और उनके बेटों ने रोकने का प्रयास किया है जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई है और कुसला देवी के पक्ष के एक दर्जन लोगों ने कपूर चंद्र के भाई ओमप्रकाश तथा उनकी पत्नी माया देवी को लाठी डंडे से बेरहमी से पीट दिया है जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई हैं घायल अवस्था में दम्पत्ति को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है सवाल उठता है कि जिस मामले में अदालत में।मुकदमा विचाराधीन है संपत्ति का मालिकाना हक अभी स्पष्ट नहीं हो रहा है तो उस जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करना कहां तक न्याय संगत है खबर लिखे जाने तक हमला करने वाले कुसला देवी और उनके पति विजय बहादुर और उनके समर्थकों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तारी नहीं कराई है।

**विरोध करने पर लाठी डंडे से पीटा :** **कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के रामदयालपुर में रामदुलारे की मौत के बाद उनकी संपत्तियों में उनके पुत्रों का नाम तहसील के अभिलेखों में दर्ज है लेकिन उसके बाद राम दुलारे की संपत्ति पर गांव के दबंग धर्मपाल सिंह व राजेंद्र सिंह वा उनके परिवार के लोगों ने जबरिया कब्जा करना शुरू कर दिया है 17 जुलाई को राम दुलारे के खेत में राजेन्द्र सिंह धर्मपाल सिंह वा अन्य धान की रोपाई कर रहे थे जब जमीन के मालिक रामदुलारे के बेटे धुन्नू सिंह ने राजेन्द्र सिंह धर्मपाल सिंह वा अन्य लोगों ने खेत कब्जा करने से मना किया तो राजेंद्र सिंह और धर्मपाल सिंह वा उनके परिवार के दर्जनों लोगों ने खेत मालिक धून्नु सिंह और उनके परिवार के मानसिंह आशा देवी भगवान सिंह आदि लोगों को लाठी डंडे से पीट दिया है जिससे धुन्नू सिंह वा अन्य लोगों को चोट आई हैं हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे बीच बचाव किया घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

# डीएम के सख्त रूप पर खनिजों के अवैध परिवहन में पकड़े गए चार वाहनों के परमिट एवं ड्राइवर के लाइसेंस निरस्त

**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निदेर्शानुसार जिला खनन अधिकारी श्री अजीत कुमार पांडेय ने अवगत कराया है कि दो या दो से अधिक बार खनिजों के अवैध परिवहन में पकड़े गए 04 वाहनों- UP 70 FT9737, UP 90 AT 6073, UP 96T 4996 तथा UP 70 HT 0025, जो थाने में खड़ी थी, उनसे जुमार्ना वसूलने के पश्चात वाहनों के परमिट एवं ड्राइवरों के लाइसेंस सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा निरस्त कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने अवैध परिवहन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए जिला खनन अधिकारी एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को नियमित रूप से खनिजों का अवैध परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# नए सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित सिंह का पूर्व सैनिकों ने किया स्वागत



**कौशांबी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर में पूर्व सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय में नवागत सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित सिंह का पूर्व सैनिक कल्याण समित कौशांबी एवम उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था के द्वारा माल्यार्पण बुक्का दे कर वेलकम किया गया साथ ही कर्नल अवधेश को माल्यार्पण करके विदाई किया गया नवागत सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित सिंह ने सभी पूर्व सैनिकों को अस्वाशन दिया की जैसे अभी तक आप लोगो का काम होता था वैसे हम जिला अधिकारी से मिल कर आप सभी पूर्व सैनिकों के जायज काम को निष्ठा भाव के साथ करेंगे उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश के टीम के बारे में भी नए सोल्जर बोर्ड अधिकारी को पूरी जानकारी दिया इसके बाद पूर्व सैनिक कल्याण समित कौशांबी के संस्थापक शारदा प्रसाद वर्मा ने नवनवागत सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित सिंह को समित के बारे में पूरी जानकारी देते हुए बताया कि 2019 में समित का गठन पूर्व सैनिकों के वेलफेयर के लिए किया गया था जो की पूर्ण रूप से सैनिक कल्याण अधिकारी के सहयोग से जिला अधिकारी एवम पुलिस अधीक्षक के द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निवारण करवाया जाता है अगर सैनिक कल्याण अधिकारी किसी कारण से मौजूद नहीं रहते है तो समित के जिला अध्यक्ष के द्वारा पूर्व सैनिकों को समस्या संबंधित अधिकारी के माध्यम से पूर्व सैनिक की समस्या को हल करवाने का प्रयास किया जाता है इस दौरान पूर्व सैनिक कल्याण समित के जिला अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया संस्थापक शारदा प्रसाद वर्मा उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था कौशांबी जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह मीडिया प्रभारी संजीव कुमार चौरसिया धनंजय सिंह श्याम लाल पाल एवम अन्य लोग उपस्थित रहें।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, शुक्रवार
19.07.2024


## संपादक की कलम से

# शंकराचार्य की खरी-खरी

कुंभनदास के इस पद से स्पष्ट हो जाता है कि धर्म और राजनीति दो अलग-अलग क्षेत्र हैं। लेकिन भारत की राजनीति में अब धर्म को एक बड़ा मुद्दा बना लिया गया है। खासकर भारतीय जनता पार्टी की तो पूरी राजनीति ही हिंदुत्व के इर्द-गिर्द शुरू हुई और उसी पर आगे बढ़ी। अगर लालकृष्ण आडवानी सोमनाथ से रथयात्रा लेकर अयोध्या की ओर नहीं निकलते या भाजपा राम मंदिर निर्माण को अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल नहीं करती तो उसकी पकड़ कभी सत्ता पर बन ही नहीं सकती थी।

ज्योतिर्मठ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पिछले दिनों उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे के विवाह में अपना आशीर्वाद देने पहुंचे थे। अपने मुंबई प्रवास के दौरान शंकराचार्य शिवसेना मुखिया उद्धव ठाकरे के निवास भी पहुंचे और इसके बाद उन्होंने कुछ बयान दिए, जिनसे नयी राजनैतिक हलचल उठी। इसके बाद शंकराचार्य को नसीहत दी गई कि उन्हें राजनैतिक मसलों पर नहीं बोलना चाहिए। हालांकि इस नसीहत का माकूल जवाब शंकराचार्य ने दिया है। मगर इससे राजनीति में धर्म की स्वार्थवश की जा रही मिलावट पर विचार करने का एक बड़ा अवसर देश को मिल गया है। धर्म और राजनीति को लेकर 15वीं सदी के संत कवि कुंभनदास ने अकबर के दरबार से लौटने के बाद जो पद लिखा था, वह 22वीं सदी में भी अपनी प्रासंगिकता साबित कर रहा है।

अष्टछाप के कवि कुंभनदास ब्रजभूमि में रहते थे, उन्होंने महाप्रभु वल्लभाचार्य से दीक्षा ली थी। एक बार उन्हें अकबर के दरबार में फतेहपुर सीकरी आमंत्रित किया गया और वहां उनका पूरा सम्मान भी हुआ, लेकिन फिर भी भगवद्भक्ति में डूबे रहने वाले कुंभनदास का मन शहंशाह के दरबार जाकर भी खिन्न हो गया, क्योंकि वहां उन्हें ऐसे लोगों से भी भेंट करनी पड़ी, जो धर्म के विपरीत काम करते थे और जिन्हें देखकर खुशी नहीं होती थी। सीकरी से लौटकर कुंभनदास ने लिखा कि-

संतन को कहा सीकरी सों काम?
**आवत जात पनहियां टूटी, बिसरि गयो हरि नाम।।**
**जिनको मुख देखे दुख उपजत, तिनको करिबे परी सलाम।।**
**कुंभनदास लाल गिरिधर बिनु और सबै बेकाम।।**

कुंभनदास के इस पद से स्पष्ट हो जाता है कि धर्म और राजनीति दो अलग-अलग क्षेत्र हैं। लेकिन भारत की राजनीति में अब धर्म को एक बड़ा मुद्दा बना लिया गया है। खासकर भारतीय जनता पार्टी की तो पूरी राजनीति ही हिंदुत्व के इर्द-गिर्द शुरू हुई और उसी पर आगे बढ़ी। अगर लालकृष्ण आडवानी सोमनाथ से रथयात्रा लेकर अयोध्या की ओर नहीं निकलते या भाजपा राम मंदिर निर्माण को अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल नहीं करती तो उसकी पकड़ कभी सत्ता पर बन ही नहीं सकती थी। भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी धर्म के इस राजनैतिक उपयोग से आशंकित थे। क्योंकि उन्होंने आजादी की लड़ाई के दौरान देखा कि किस तरह अंग्रेजों ने भारत की धार्मिक विविधता को समझ कर, उसमें फूट डालने की कोशिश कर फिर उसे अपनी सत्ता के लिए इस्तेमाल किया। 1905 के बंग-भंग के फैसले से लेकर 1947 में भारत-पाक विभाजन तक अंग्रेज इसी खेल पर ही राज करते रहे। जनता धर्म के राजनैतिक इस्तेमाल के असल मकसद को नहीं समझ पाई तो सावरकर और जिन्ना को द्विराष्ट्र सिद्धांत को आगे बढ़ाने का मौका मिला। गांधीजी की हत्या जैसा जघन्य अपराध भी राजनीति में धर्मांधता के घातक असर से संभव हुआ। इसलिए जब 1951 में सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन किया जा रहा था और इसके लिए राष्ट्रपति डा.राजेंद्र प्रसाद को आमंत्रित किया गया कि उन्हीं के हाथों से यह कार्यक्रम संपन्न हो, तो नेहरू जी ने इसके खिलाफ अपनी राय प्रकट की थी। उन्होंने एक चिी लिखकर राजेंद्र बाबू को मशविरा दिया था कि उन्हें इस कार्यक्रम में नहीं जाना चाहिए। नेहरू के मुताबिक प्रसाद की सोमनाथ मंदिर यात्रा राजनीतिक महत्व ले रही है। यह सरकारी कार्यक्रम नहीं है। लिहाजा, उन्हें इसमें नहीं जाना चाहिए। हालांकि डा. राजेन्द्र प्रसाद ने नेहरूजी की राय नहीं मानी, वे सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन के लिए गए। लेकिन नेहरूजी की दूरदृष्टि ने जिस आशंका को भांप लिया था, वह सही साबित हुई। सोमनाथ मंदिर से शुरू हुआ सिलसिला अयोध्या तक पहुंचा और भाजपा का तो नारा ही बना कि अयोध्या तो झांकी है, काशी, मथुरा बाकी है। भाजपा ने हिंदुत्व की सीढ़ी को सत्ता तक पहुंचने के लिए इस्तेमाल किया। इसमें कई नामी-गिरामी संतों समेत आम जनता के भी बड़े वर्ग को यह बात नजर नहीं आई कि राम मंदिर का निर्माण भाजपा के लिए धार्मिक नहीं सियासी मकसद है। लेकिन इस साल 22 जनवरी को जब नरेन्द्र मोदी के हाथों राम मंदिर का उद्घाटन तय हुआ, तब बहुत से लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। क्योंकि वे यह मानकर चल रहे थे कि मंदिर का उद्घाटन किसी धर्मगुरु के हाथों होगा। शंकराचार्यों ने जब यह सवाल उठाया कि आधे-अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा क्यों की जा रही है। क्यों धार्मिक मानदंडों का पालन नहीं हो रहा। तब भाजपा के आईटी सेल की ओर से शंकराचार्यों को ही निशाने पर लिया गया। इसके साथ ही अयोध्या में मंदिर निर्माण के नाम पर इक्ी की गई अकूत धनराशि के हिसाब पर सवाल उठे, अयोध्या में जमीन घोटाला सामने आया, कुछ दिन पहले यह जानकारी भी सामने आई कि मंदिर के आसपास कई एकड़ जमीन पर अब भाजपा के नेताओं और उसके करीबियों का मालिकाना हक हो गया है, ऐसे तमाम खुलासों से यह जाहिर हो गया कि भाजपा के लिए राम का नाम राजनैतिक एजेंडे से अधिक कुछ नहीं है। इससे उन लोगों को गहरी ठेस पहुंची जिन्होंने यह उम्मीद पाल ली थी कि उनके धर्म को अब तक जो भी खतरा था, वह सब श्री मोदी के सत्ता में आने से दूर हो जाएगा।

## भारत में समान नागरिक संहिता

सर्वोच्च अदालत ने एक बार फिर इसका आग्रह किया है कि देश में समान नागरिक संहिता लागू की जाए। । संविधान में इसका प्रावधान है। संसद और भारत सरकार यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि देश संविधान से चलेगा अथवा शरिया कानून भी संवैधानिक माना जाता रहेगा? मुसलमानों के पर्सनल लॉ पर प्रहार करने की नीयत और मानसिकता किसी की नहीं है। पर्सनल लॉ तो सिख, ईसाई, पारसी, जैन, बौद्ध आदि समुदायों के भी हैं। आदिवासी कबीलों से तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि मुस्लिम देश की दूसरी बहुसंख्यक आबादी हैं। जो मुद्दे सामुदायिक और राष्ट्रीय किस्म के हैं, धर्म, मजहब, जाति से ऊपर हैं, कमोबेश उनके संदर्भ में अब ह्यभारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताह्ल (बीएनएसएस) की धाराएं लागू होनी चाहिए। वे हिंदू-मुस्लिम समेत सभी समुदायों पर, समान रूप से, प्रभावी होनी चाहिए। यही समान नागरिक संहिता का निष्कर्ष है।

मुद्दे की बात यह है कि शरिया और कुरान की आड़ में छिपने वाला मुसलमान सबसे पहले ह्यभारतीयह्ल है और यही उसकी पहचान है। यदि देश भर में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी, तो संभव है कि मुस्लिम इतना भडक जाएं कि हिंसा का माहौल बन जाए! घरेलू हिंसा से उपजे हालात सांप्रदायिक दंगों में तबदील हो जाएं! तेलंगाना में सरेआम संवैधानिक प्रावधानों और बाल विवाह कानून समेत कई कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। किशोर बच्चियों का दैहिक शोषण किया जा रहा है। संसद 2019 में तीन तलाक के खिलाफ विधेयक पारित कर कानून बना चुकी है। फिर भी मुस्लिम मर्द 15-16वीं सदी के समाज में जीना चाहता है! भारत एक संवैधानिक गणतंत्र है अथवा केला (बनाना)गणतंत्रङ्क! क्या ऐसा संवैधानिक उल्लंघन जारी रहेगा? मुद्दा सर्वोच्च अदालत के हालिया फैसले से फिर उभरा है। दो न्यायाधीशों की पीठ का आदेश है कि मुस्लिम मर्द (पति) तलाकशुदा पत्नी को न्यायिक गुजारा-भत्ता देगा। अदालत के इस फैसले के तुरंत बाद मुस्लिम धर्मगुरु, मौलाना, नेता, विशेषज्ञ आदि चीखने लगे, बौखला उठे और तिलमिलाने लगे कि यह फैसला शरिया के खिलाफ है। शरिया और कुरान में मुस्लिम तलाकशुदा औरत को गुजारा-भत्ता का कोई जिक्र नहीं है। मामले को 1986 के ह्यशाहबानो प्रकरणह्ल की ओर मोड़ा जाने लगा है। उस समय संसद ने सर्वोच्च अदालत का फैसला पलट दिया था और तत्कालीन सरकार ने मुस्लिम मौलानाओं के दबाव में, वोट की खातिर, घुटने टेकते हुए ऐसा कानून बनाया, जो आत्मा से मुस्लिम औरत के खिलाफ था।

# बजट का हलुवा और हलुए का बजट

**@ राकेश अचल**

भारत अनोखा देश है। यहां सब कुछ अनोखा होता है, जो दुनिया के शायद तमाम देशों में न होता हो। भारत में सरकार बजट पेश करने से पहले एक समारोह करती है जिसे अंग्रेजी में 'हलुवा सेरेमनी ' कहते हैं। इस हलुवा समारोह का लिखित इतिहास मुहे तो खोजने पर नहीं मिला, लेकिन जाहिर है कि इसके पीछे भी कांग्रेस ही रही होगी, क्योंकि आज का भारत तो 2014 के बाद का भारत है। आज के भारत में स्टेशनों, शहरों और कानूनों के नाम बदले गए लेकिन गनीमत है कि इस हलुवा सेरेमनी को अभी तक हाथ नहीं लगाया गया है।

भारत में हलुवा और बजट आम आदमी के लिए ही बनाया जाता है। हलुवा सबसे सस्ता और सुलभ मिष्ठान भी है। गांवों से लेकर शहरों तक लोकप्रिय है। अमीर-गरीब सभी इस हलुए को पसंद करते हैं। शायद अंग्रेज भी करते हों। हलुवे की लोकप्रियता कालांतर में इतनी बढ़ी कि इसे मुहावरे का सम्मान मिल गया। किसी भी काम में व्यापक पैमाने पर भ्ष्टार्चार या गोलमाल करने को भी 'हलुवा करना' ही कहा जाता है। हलुवा बनाना और हलुवा करना एक खास कला है, इस्सके कलाकार ज्यादातर सियासत में या नौकरशाही में मिलते हैं। जहाँ ईमानदारी से हलुवा बनता है वो जगह केवल गुरुद्वारा है, लेकिन गुरुद्वारों में बनने वाले हलुवे को हलुवा नहीं 'कड़ा-प्रसाद' कहा जाता है। हलुवा जब प्रसाद बन जाता है तो आत्मा को सुकून देता है, लेकिन जब हलुवा बजट बनता है तो हमेशा मीठा नहीं लगता।

वैसे आपको बता दूँ कि हलुआ एक प्रकार का मिष्टान्न है जिसकी उत्पत्ति फारस से हुई है और व्यापक रूप से पूरे मध्य पूर्व में फैली हुई है।। हलुवा साधारणतः आटे, सूजी, गहि और शर्करा से बनता है। बाद में आप इसमें बारीक पिसे हुए बीज या बादाम भी मिला सकते हैं आजकल तो हर चीज का हलुवा बननी लगा है जो बजट हलुवे से सर्वथा भिन्न होता है। हलुवा अब हैसियत से बाबस्ता हो गया है। जिसकी जैसी हैसियत उसका वैसा हलुवा। मठ का अलग, मंदिर का अलग और कर्तव्यपथ का अलग किस्म का हलुवा होता है। मुंबई वालों का हलुवा तो सबसे अलग होता ही है। भाई अनंत की शादी में किस तरह का हलुवा बना हमें पता नहीं।



इस साल के बजट का हलुवा समारोह नार्थ ब्लाक में सम्पन्न हो गया। आम बजट के हलुवे को किसने बनाया मुझे नहीं पता, किन्तु केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने सबसे पहले ये बजट हलुवा अपने मंत्रालय के अधिकारीयों और कर्मचारियों में तकसीम किया। इसी नार्थ ब्लाक में बजट छपने वाली छपाई मशीन लगी है। ताकि बजट लीक न हो। बजट लीक हो या न हो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। फर्क इस बात से पड़ता है कि बजट में हलुवे की जो मिठास है वो आम आदमी तक भी पहुँच पायेगी या नहीं ? देश में कांग्रेस ने दशकों तक बजट का हलुवा किया। अब एक दशक से भाजपा ये काम कर रही है। इस साल के बजट में तो भाजपा के साथ टीडीपी और जेडीयू को भी हलुवा करने का सौभाग्य मिला है।

कोई भी सरकार हो बजट में हलुवा करना उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। सरकार चाहे केंद्र की हो या राज्य की बजट में हलुवा करती ही है। ये बात और है कि अनेक राज्यों में हलुवा सेरेमनी नहीं होती। निर्मला जी मुझसे चार महीने छोटी हैं लेकिन मुझसे ज्यादा पढ़ी लिखी है। निर्मला जी के पास हलुवा बनाने की कोई उपाधि नहीं है किन्तु उन्होंने भाजपा सरकार के लिए सबसे ज्यादा बार बजट हलुवा तैयार किया। वे राजनीति में पिछले दरवाजे से [ राज्य सभा ] आयीं थीं लेकिन वे पिछले छह -सात मर्तबा बजट हलुवा बनाने का सौभाग्य हासिल कर चुकी हैं। वे भाजपा की सबसे ज्यादा सौभाग्यशाली वित्त मंत्री हैं। उनके हलुवा बनाने पर किसी को संदेह नहीं है सिवाय उनके अपने पति को। भाजपा सरकार ने बीच में उन्हें हलुवा बनाने की जिम्मेदारी से मुक्त कर देश कोई रक्षा का और बाद में कारपोरेट का काम भी सौंपा लेकिन जब दूसरे वित्त मंत्री ढंग से बजट हलुवा नहीं बना पाए तो उन्हें वापस वित्त मंत्री बनाकर बजट हलुवा बनाने की जिम्मेदारी दे दी गयी।

देश में किसी भी दल की सरकार हो लेकिन आम जनता को उसके बजट हलुवे से तमाम उम्मीदें बनी रहतीं है। इस बार के बजट से देश के सभी वर्गों के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। आगामी बजट को लेकर आम लोगों को उम्मीद है कि इस बार उन्हें सरकार की तरफ से थोड़ी राहत दी जाएगी। चूंकि यह बजट आम चुनावों के बाद का पहला बजट है ऐसे में सरकार के लिए भी यह बजट काफी महत्वपूर्ण होने वाला है।

आम चुनाव में सरकार ले-देकर बनी है। इसलिए सरकार पर बजट को मीठा बनाने का दबाब है। सरकार के सामने कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव भी है। इस कारण सरकार द्वारा अपने वोट बैंक को भुनाने के लिए आम बजट में लोगों को खुश को लेकर ऐलान किए जाने की उम्मीद की जा रही है।

नौकरीपेशा यानी सैलरी क्लास से लेकर, महिलाएं, किसान, टैक्सपेयर्स और युवावर्ग तक के लोग इस बार के बजट में सरकार से राहत की उम्मीद कर रहे है। उन्हें उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब बजट 2024 -25 पेश करेंगी तो उनके लिए कोई खास ऐलान किया जा सकता है। बजट 23 जुलाई 2024 को पेश किया जाएगा। तब तक सभी को बजट हलुवे की महक से ही काम चलना पडेगा। बजट हलुवे का स्वाद कैसा होगा ये २३ जुलाई को ही पता चलेगा। भाजपा सरकार का नया बजट स्वाद में चाहे जैसा हो किन्तु उसका रंग तो भगवा ही रहने वाला है। देश का भगवाकरण हो रहा है तो बजट और उसका हलुवा इस रंग से कैसे बच सकता है।

इस समय देश को ऐसे हलुवे की जरूरत है जो किसानोन्मुखी हो। किसान हलुवा पेश होने की फिक्र किये बिना अपनी पुरानी मांगों को लेकर छह महीने का राशन -पानी लेकर दिल्ली आने वाले है। इस बार सरकार उन्हें दिल्ली आने से रोक भी नहीं सकती ,क्योंकि माननीय अदालत ने किसानों के दिल्ली जाने के अधिकार को संवैधानिक बता दिया है। अब देखना ये है की आने वाले दिनों में केंद्र द्वारा बनाया गया हलुवा फैल तो नहीं जाएगा ? भगवान करे कि ऐसा न हो।

# सामाजिक सुरक्षा का विस्तार कीजिए सरकार

**- अरविंद जयतिलक**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

भारत एक लोकतांत्रिक व कल्याणकारी राज्य है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को बेहतर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराए। निःसंदेह सरकार द्वारा अपने नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की ढेरों योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण इसे विस्तार देने की जरुरत है। सामाजिक सुरक्षा का अभिप्राय ऐसी सभी सेवाओं, साधनों और सुविधाओं से हैं जो नागरिकों को दी जाती है जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होता है। सामाजिक सुरक्षा श्रम कल्याण का एक मुख्य संघटक है और उसे निरंतर विकास प्रक्रिया के एक अंग के रुप में देखा जाता है। सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है।

सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन करती हैं। यह सच्चाई है कि कर्मगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है। इसलिए कर्मगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। 19 वीं शताब्दी के अंत तक अधिकांश राज्य अपने को पुलिस राज्य रखकर ही संतुष्ट थे। उनका मुख्य काम शांति व व्यवस्था कायम रखना था। वे सामाजिक सुरक्षा का कार्य व्यक्तियों और व्यक्तियों के समूहों के जिम्मे छोड़ रखे थे। लेकिन धीरे-धीरे राज्य के स्वभाव में बुनियादी बदलाव आया और उसकी प्राथमिकता में सामाजिक सुरक्षा की औपचारिक व्यवस्था शीर्ष पर हो गयी। लॉयड जार्ज के प्रथम मंत्रित्व काल में इंग्लैंड की सरकार ने सामाजिक सुरक्षा के तहत सामाजिक बीमा चालू किया जिसके तहत बुढे, अवकाश प्राप्त व्यक्ति, विधवाएं और बेरोजगार लाभ उठाते हैं। इस योजना के अंतर्गत स्कूल में बच्चों को दूध देने, गर्भवती और दूध पिलाने वाली महिलाओं को दूध और विशेष भोजन देने, निःशुल्क डॉक्टरी सहायता और निःशुल्क माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा के लिए अच्छी छात्रवृत्तियों की व्यवस्थाएं की गयी हैं।

गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तदनुसार सामाजिक सुरक्षा से संबंद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबंद्ध किया गया। राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 41 में कार्य के अधिकार शिक्षा और कुछ मामलों में सार्वजनिक सहायता की व्यवस्था की गयी है। अनुच्छेद 42 में कार्य की उचित और मानवीय परिस्थिति और मातृत्व राहत की व्यवस्था की गयी है। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कर्मगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है।

भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कर्मगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। भारत में ढेरां सामाजिक सुरक्षा कानून लागू है मसलन कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (ईएसआई एक्ट), कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 (डब्लयूसी एक्ट),कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम 1952 (ईपीडीएंडएमपी एक्ट), प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961 (एमबी एक्ट), ग्रैच्युटी भुगतान अधिनियम 1972 (पीजी एक्ट), वैयक्ति क्षति (आपात उपलब्ध) अधिनियम 1962, वैयक्तिक क्षति (प्रतिकर बीमा) अधिनियम 1963 और नियोजक दायित्व अधिनियम 1938 इत्यादि। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलायी जा रही है।

# छद्म एवं पारवण्डी बाबाओं से मुक्ति की सार्थक पहल

**-: ललित गर्ग:-**

भारतीय हिंदू संतों की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद (एबीएपी) की ओर से चौदह महामण्डलेश्वरों और संतों के निष्कासन की ताजा कार्रवाई पाखण्डी एवं छद्म बाबाओं से समाज को मुक्त करने का सराहनीय कदम है। अखाड़ा परिषद की गोपनीय जांच में अखाड़ों से जुड़े ये संत धार्मिक कार्यों के बजाय धनार्जन एवं अधार्मिक कार्यों में लिप्त पाए गए। ऐसे ही अन्य बाबाओं पर व्यभिचार, दुष्कर्म, जादू-टोटके व दूसरे अनैतिक कार्यों के भी आरोप लगते रहे हैं। इनके अलावा सौ से अधिक संतों को अखाड़ा परिषद ने नोटिस भी दिया है। निष्कासित किए गए संतों को अगले साल होने वाले कुंभ में भी प्रवेश नहीं मिलेगा। अखाड़ा परिषद की ताजा कार्रवाई इस तरह के कथित धर्मगुरुओं पर लगाम लगाने की प्रभावी कोशिश मानी जाएगी। इस तरह के प्रयास हर स्तर पर होने चाहिए, ताकि छद्म एवं पाखण्डी धर्मगुरुओं से समाज को मुक्ति मिल सके। आम लोगों में भी विवेक का जागरण जरूरी है, ताकि धर्म को विकृत करने वाली ऐसी घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके।



अखाड़ा परिषद ने कुल चौदह ढोंगी संतों की एक सूची मीडिया में जारी की है। सूची में जेल की हवा खा रहे बाबा रामपाल, गुरमीत राम रहीम सिंह इंसां, आसाराम, नारायण साईं व असीमानंद के अलावा निर्मल बाबा, राधे मां और कई ऐसे इच्छाधारी बाबा शामिल हैं, जो पिछले कुछ सालों में अपनी करनी के चलते विवादों में रहे हैं। गोलगप्पा खिलाकर लोगों की हर समस्या का समाधान करने वाले निर्मल बाबा जैसे ढोंगियों के झांसे में लोग कैसे खिंचे चले आते हैं, इस पर भी अखाड़े की ओर से कई चौंकाने वाले तथ्य बताए गए हैं। उनका मानना है कि राधे मां और निर्मल बाबा जादू-टोटके से लोगों को अपनी ओर खींचते हैं। बाबाओं की कारस्तानियों ने सबको सकते में डाल रखा है। महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करना इन बाबाओं की दिनचयाओं में शामिल था। लाज-शर्म की वजह से कुछ महिलाएं नहीं बोलती थीं, उन्हीं का ये बाबा फायदा उठाते थे। इन बढ़ती त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों के खिलाफ अब पूरा अखाड़ा परिषद मुखर हो उठा है। जरूरत है ऐसे ही अन्य शीर्ष धर्म संगठनों के सक्रिय होकर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाई करने की।

फर्जी एवं पाखण्डी बाबाओं के मामले में भोले-भाले एवं अशिक्षित लोगों के जीवन के साथ जो खिलवाड़ हुआ है और जिन बाबाओं ने ये कुकर्म किया है, उन्हें ढूंढकर दंड देना ही चाहिए। फर्जी एवं पाखण्डी बाबाओं की परंपरा सदैव से दुष्टों के हाथ में रही है। इसका आरंभ किया था महाभारत में शकुनि ने। हमारे समाज एवं राष्ट्र ऐसे बहुत सारे बाबा रूपी शकुनि हैं, जिन्हें हम समय पर पहचान नहीं पाते हैं। कौरवों और पांडवों के बीच जब जुए का खेल हुआ, तो शर्त यही थी कि पांसे शकुनि चलेगा। शकुनि ने पांसे भी ऐसे तैयार किए थे कि उसको परिणाम और प्रश्न मालूम थे। आधुनिक बाबा भी ऐसे ही पांसे चलते हुए हुए कइयों की जिंदगी को नरक बना रहे हैं, कइयों के घर उजाड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा नुकसान उन लोगों का हुआ है, जो धार्मिक आस्थाओं के प्रति अटूट विश्वास रखते थे, क्योंकि भारत की पहचान सदा से ही साधु-संतों से जुड़ी रही है। लेकिन पिछले एक-दो दशक से कुछ फर्जी बाबाओं ने अपनी काम वासना एवं धनलोलुपता के चलते सबकुछ खंडित कर दिया है। इन बाबा रूपी शकुनियों को दंड देना ही पड़ेगा। आधुनिक बाबाओं की तरह महाभारत का शकुनि कभी किसी से नहीं डरता था, लेकिन वो कहता था, दुर्योधन! मैं इस दुनिया में केवल एक ही व्यक्ति से डरता हूं और वो श्रीकृष्ण हैं। तो हमें भी आधुनिक बाबाओं के लिये श्रीकृष्ण जैसी एक सख्त व्यवस्था लागू करनी पड़ेगी। क्योंकि श्रीकृष्ण जब किसी को दंड देते थे तो अपना और पराया कभी नहीं देखते थे। श्रीकृष्ण धर्म में जय और जय में धर्म देखते थे। वर्तमान में धर्मगुरुओं एवं बाबाओं का जो चरित्र एवं आचरण प्रस्तुत हो रहा है, वह कष्टदायक एवं विनाशकारी है। इसलिये उनके लिये श्रीकृष्ण रूपी अनुशासन-व्यवस्था को सख्ती से लागू करना ही होगा।

अखाड़ा परिषद का अपना अनुशासन है। अखाड़े से जुड़े संतों में कोई दोष नहीं आ जाए, चरित्रहीनता न आ जाये, आचरण एवं जीवनशैली दूषित न हो जाये, इसे देखते हुए वह समय-समय पर अपने महामण्डलेश्वर व दूसरे संतों की कार्यप्रणाली की गोपनीय जांच कराता रहता है। ऐसी ही हाल में की गयी जांच में सामने आया कि धनार्जन में लिप्त रहने वाले संतों की कार्यप्रणाली अखाड़ों की रीति-नीति के विपरीत थी। इनमें कुछ के तो आपराधिक लोगों से भी संबंध सामने आए। राजनेताओं से भी उनके प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। हर समुदाय में संतों का अलग ही स्थान रहता आया है। वे जहां विराजते हैं वह स्थान स्वतः ही उच्च हो जाता है। आज भी बड़ी संख्या में संत-महात्मा समाज को दिशा देने के काम में निःस्वार्थ भाव से जुटे हैं। पर बदलते दौर में संत-महात्मा-मुल्ला-मौलवियों व पीर-पगारों के छद्म-पाखण्डी वेश में ऐसे लोग भी सामने आने लगे हैं जो धार्मिक कार्यकलापों की बजाय न केवल अर्थार्जन में जुटे रहते हैं बल्कि अंधविश्वास, व्यभिचार और पाखण्ड को बढ़ावा देने में जुटे हैं। छद्म धर्मगुरु और संत लोगों की धार्मिक श्रद्धा एवं अंधभक्ति का फायदा उठाकर उन्हें ठगते हैं। ऐसे लोगों का गाहे-बगाहे सियासी जुड़ाव भी सामने आता रहता है। ऐसे ही लोग संत समाज को बदनाम करते हैं, जिससे लोगों की धार्मिक आस्था भी डगमगाने लगती है।

धर्मगुरुओं के धन के प्रति बढ़ते आकर्षण ने भी अनेक तरह की विसंगतियों एवं विकृतियों को जन्म दिया है। अब तक धर्म और धर्मगुरुओं के इर्द-गिर्द ठाट-बाट और राजा-महाराजाओं जैसी वैभवपूर्ण स्थितियां ही देखने को मिलती थीं, लेकिन अब ये तथाकथित धर्मगुरु स्वयं व्यापारी बनकर बड़ी-बड़ी कंपनियों का संचालन कर रहे हैं। एक प्रमुख महिला धर्मगुरु बहुत सारे धार्मिक कार्यों के अलावा अस्पताल, एक टीवी चैनल, इंजीनियरिंग कॉलेज और बिजनेस स्कूल चलाती है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित हुए विश्व धार्मिक सांस्कृतिक सम्मेलन में देखा कि किस तरह से पानी से लेकर खाद्य पदार्थ तक बेचे गए। एक बड़ा पंथ चलाने वाले राम-रहीम ऑर्गेनिक उत्पाद खिलाकर देश को सेहतमंद बनाने की तमन्ना रखते हैं। ये एक ऐसी लंबी सूची है जिसमें वर्तमान के लगभग सभी चर्चित धर्मगुरु ऐसे ही व्यावसायिक कार्यों और लाभकारी इकाइयों से जुड़े हैं। व्यावसायिक लाभों के लिए राजनीतिक और व्यावसायिक नेटवर्क रखने के साथ-साथ बड़ी संख्या में धार्मिक अनुयायी रखना इन तथाकथित धर्मगुरुओं की परंपरा रही है।

राजनीति पर धर्म के अनुशासन की बात उचित है, लेकिन धर्मगुरुओं को प्रतिष्ठापित करने के बहाने राजनीति का खेल न खेला जाए, इस बात की जरूरत सर्वाधिक है। अपनी लोकप्रियता के बल पर कुछ धर्मगुरु भारतीय राजनीति के बदलते दौर में कुछ सीटें जीतकर सामने आए हैं। धर्मगुरु से राजनीतिज्ञ बन जाने की ये घटनाएं न केवल धर्मक्षेत्र के लिए बल्कि राजनीति के लिए भी घातक हैं। जहां धर्मगुरुओं के अनुयायी अधिक संख्या में हैं, उन क्षेत्रों में वे स्वयं जीतें न जीतें, वहां के परिणाम को प्रभावित कर ही सकते हैं। उनका यह असर किस दिशा में होगा? कौन सी बड़ी ताकत को लाभ मिलेगा? यानी राजनीति एवं राजनेताओं पर इन धर्मगुरुओं एवं बाबाओं का गहरा प्रभाव एवं वर्चस्व भी अनेक विसंगतियों का कारण बना है। हाथरस में सूरजपाल जाटव उर्फ साकार हरि ह्लबाबाह्ल के तथाकथित सत्संग में 121 लोगों की मौत का कारण बना। ऐसे फर्जी एवं तथाकथित चमत्कारी बाबाओं के चक्कर लगाने वालों में महिलाएं एवं दलित बड़ी संख्या में हैं। भगदड़ एवं अन्य हादसों की स्थिति में यही लोग मारे जाते हैं। प्रश्न है कि ढोंगी एवं पाखण्डी बाबाओं के पास जाने वाले लोग अपनी तर्क-बुद्धि एवं विवेक से काम क्यों नहीं लेते? अंधविश्वासों के सहारे तरक्की की सीढ़ियां क्यों चढ़ना चाहते हैं? ये विडंबनापूर्ण स्थितियां हैं।

# बाढ प्रभावित गांवों में अभी से करें तैयारीः डीएम

## संबंधित अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को बाढ़ तैयारी बाबत बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि जिले में बाढ़ प्रभावित 68 गांव हैं। अधिक बारिश होने से 103 गांव प्रभावित होते हैं। मुख्य बाढ़ यमुना व मंदाकिनी नदी किनारे आती है। 18 बाढ़ चैकियां बनाई गई हैं।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागारम में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने एसडीएम से कहा कि तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव का भ्रमण कर प्रभावित आबादी का आंकलन करें। देखें कि कितने पशु बाढ से प्रभावित होते हैं। व्यवस्था कराकर राहत दिलाई जाये। गांव में गोताखोर व नाव की व्यवस्था कर लें। गोताखोरों के नाम, मोबाइल नंबर समेत सूचना रहे। उन गांव में कर्मचारियों की नियुक्ति करें। जिनमें बाढ़ दौरान विद्युत व्यवस्था बाधित होती है। अभी से तैयारी कर लें। एक्सईएन सिंचाई को निर्देश दिये कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कर्मचारियों की ड्यूटी लगायें।



बाढ बाबत बैठक में निर्देश देते डीएम।

मंदाकिनी में बाढ़ को देखते हुए मप्र के अधिकारियों से संपर्क करें। वहां के अधिकारियों के नंबर भी रखें। एडीएम एफआर से कहा कि बाढ़ दौरान राहत सामग्री बांटने की व्यवस्था का टेंडर करा लें। सीबीओ से कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांव में पशुओं को भूसा की व्यवस्था को टेंडर करवा लें। सीएमओ से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की टीम नामित करें। डीपीआरओ व ईओ से कहा कि बाढ़ दौरान बाढ़ क्षेत्र पर साफ-सफाई व्यवस्था करायें। सीओ सिटी से कहा कि मानिकपुर में बरदहा नदी में बाढ़ आने पर रपटों से आवागमन होता है। वहां बाढ़ दौरान पुलिस, रस्सा आदि व्यवस्था करायें। उप जिलाधिकारियों से कहा कि तहसील स्तर पर पुलिस, प्रभारी चिकित्साधिकारी, ईओ, प्रधान व गांव स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक कर बाढ़ से निपटने की व्यवस्था करें।बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, सीओ सिटी राजकमल, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, सीबीओ डॉ सुभाष चन्द्र, एक्सईएन जल संस्थान डीके सत्संगी, विद्युत दीपक सिंह, सिंचाई आदि मौजूद रहे।

## जंगल में लकडी लेने गई महिला पर भालू ने किया हमला

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के किहुनिया गांव में जंगल से लड़कियां लेने गई महिला पर भालू ने हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल को मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। ये घटना बुधवार को सवेरे नौ बजे मारकुण्डी जंगल में हुई। बताया गया कि किहुनिया गांव की कलबतिया पत्नी मुन्ना सवेरे नौ बजे मारकुंडी जंगल में सूखी लड़कियां लेने गई थी। इस बीच भालू ने महिला पर हमला बोल दिया। महिला के चिल्लाने की



भालू के हमले से घायल महिला।

आवाज सुनकर जेठानी पहुंच गई। शोर मचाकर भालू को भगाया। भालू के हमले से महिला के हाथ में गंभीर चोंट आई है। महिला को इलाज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में भर्ती कराया है, वहां इलाज चल रहा है।

# डीएम-एसपी ने शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया मोहर्रम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अगुवाई में मोहर्रम पर्व पर शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को कोतवाली पुलिस बल के साथ शहर के मिश्रित आबादी व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रूटमार्च किया।

बुधवार की रात ताजिया के जुलूसों को सकुशल संपन्न कराने को डीएम-एसपी ने मातहतों को निर्देश दिये। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को पैनी नजर से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। पुलिस टीम ने दुकानदारों, व्यापारियों व क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ताकर सुरक्षा का भरोसा दिया। पैदल गस्त दौरान एसडीएम सदर सौरभ यादव, सीओ सिटी राजकमल, कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। ताजिया जुलूस शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। मुस्लिम भाइयों ने उत्साह से मातमी पर्व मनाया।



मोहर्रम में शहर में भ्रमण करते डीएम-एसपी।

# ट्रैक्टर ट्रॉली में दबने से युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर थाने के सगवारा गांव के 40 वर्षीय युवक की ट्रैक्टर ट्रॉली में दबने से मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

ये हादसा गुरुवार को दोपहर 12 बजे हुआ। बताया गया कि सगवारा के चुनबाद गर्ग पुत्र केदार गर्ग ट्यूबवेल की बोरिंग के पास खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे चुनबाद बैठा था। ट्रैक्टर ट्रॉली में लदी गिट्टी उतारते समय अचानक ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया। चुनबाद गर्ग की ट्राली में दबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व प्रधान रज्जन द्विवेदी बोर करा रहा था। बोरिंग में गिट्टी डालने को ट्रैक्टर से गिट्टी मंगाया था। ट्रैक्टर को बाहर खड़ाकर ट्रॉली ईंटों के सहारे खड़ी थी। मजदूर ट्रॉली से गिट्टी का कुछ हिस्सा निकाल पाये थे कि ट्रॉली असंतुलित हो गई और ये हादसा हो गया। मृतक चार भाइयों में तीसरे नम्बर का था। घटना से पूरे परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर एसआई अंकित सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

# यमुना से ननद-भाभी के एसडीआरएफ ने निकाले शव

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** बुधवार को कोतवाली कर्वी के रगौली की रहने वाली ननद व भाभी की मऊ घाट में यमुना नदी में माई विसर्जन दौरान गहरे पानी में जाने से डूबकर मौत हो गई थी। यमुना नदी में काफी प्रयास के बाद शव की खोजबीन में एसडीआरएफ को सफलता मिल गई। गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे एसडीआरएफ प्रभारी सूरज सिंह की अगुवाई में टीम ने ननद-भाभी के शव को खोज निकाला।

गुरुवार को प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस जगह पिलर नम्बर 33 के पास ननद-भाभी के डूबने की बात कही थी। ठीक उसी जगह से थोड़ा कुछ दूर एसडीआरएफ को शव मिले। मौके पर पुलिस बल के साथ मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय व कस्बा इंचार्ज इंद्रजीत गौतम ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि लोगों के बताये घटना स्थल पिलर नम्बर 33 से पांच मीटर दूरी पर किरन पुत्री कवलेश व बहू पुष्पा पत्नी रामभरोस का शव एसडीआरएफ ने बरामद किया। पंचनामा कर विधिक कार्यवाही जारी है।



यमुना से निकले शव।

## गौ रक्षक सेना अध्यक्ष ने गौवंश बचाने को सीएम को लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वाहनों की ठोकर से गौवंशों की आये दिन मौत हो रही है। प्रशासन मूकदर्शक बना है। गौवंशों पर वाहनों से ज्यादातर घटनायें रात में होती हैं। अज्ञात वाहनों की टक्कर से गौवंश घायल व मर रहे हैं। गुरुवार को गौ रक्षक सेना अध्यक्ष विपिन कश्यप ने बताया कि चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर व कानपुर समेत कई जिलों में सडकों पर गौवंशों के मौत की खबर मिल रही है। तत्काल प्रभाव से जिला प्रशासन व नगर पालिका की टीम को बुलाकर गौवंश को हिन्दू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार करवाया। प्रधानों की लापरवाही से गौवंश गौशाला में नहीं बन्द किये जा रहे। गौवंश सड़कों पर बैठने को मजबूर हैं। गौ रक्षक सेना अध्यक्ष विपिन कश्यप प्रशासन को दस दिनों से अवगत करा रहे हैं। सूचना के बाद भी प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र से सूचना दी गई है। लगातार गौवंश के प्रति असंवेदनशीलता अधिकारी अपना रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी कमीशनखोरी के चक्कर में गौवंशों को मौत के घाट उतार रहे हैं।



गौ रक्षक सेना अध्यक्ष।

# पुलिस हिरासत में मौतः कांग्रेसियों ने पीडित परिवार से की भेंट

## न्याय दिलाने को दिलाया भरोसा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** कस्बे के अंशू पुत्र स्व नत्थू आर्यनगर के पुलिस हिरासत में मौत के बाद कांग्रेसियों का दस सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल अपरान्ह एक बजे उसके घर पहुंचा। पीडित से घटना की जानकारी लेकर न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

गुरुवार को कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष/पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर पुलिस हिरासत में युवक अंशू की मौत बाबत घटना की जानकाी लेने को कांग्रेसियों की दस सदस्यीय टीम पूर्व सांसद/पूर्व अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी बृजलाल खाबरी की अगुवाई में अध्यक्ष राहुल राय, उपाध्यक्ष अंशु तिवारी, महासचिव राजीव लोचन निषाद, जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष बांदा प्रद्युम्न दुबे उर्फ लालू दुबे, एआईसीसी सदस्य/पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र, श्रीमती प्रतिभा अटल पाल, रंजना बरातीलाल पाण्डेय, श्रीमती निर्मला भारती पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। घटना बाबत परिजनों से जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि घर की माली हालत बेहद खराब है। पिता स्व नत्थू तीन दशक से किराये के कच्चे घर में रहते हैं। पूर्व सांसद खाबरी ने प्रतिनिधि मंडल के साथ डीएम से भेंटकर सभी समस्याओं बाबत वार्ता करने का भरोसा दिया। पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस मौके पर पीसीसी सदस्य हेमराज त्रिपाठी, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव प्रशांत गुप्ता आदि मौजूद रहे।



पीडित से बात करते कांग्रेसियों का प्रतिनिधि मंडल।



अवैध डम्प में पडी बालू।

## डम्प संचालक मस्त-जनता पस्त

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर कस्बे में कुकुरमुत्ता की भांति अवैध ढंग से बालू-गिट्टी के डम्प संचालित हैं। शासन-प्रशासन के ढुलमुल रवैये से आधा दर्जन से ज्यादा गिट्टी-बालू के डम्प चल रहे हैं। डम्प मालिक ट्रक मालिकों से इकट्ठा बालू की खरीदारी कर बाजार रेट से बढ़ाकर खुलेआम लोगों को बेंच रहे हैं। डम्प मालिकों के चलते बालू-गिट्टी के दाम आसमान छू रहे हैं। राजस्व को ये डम्प मालिक भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। किसी भी डम्प मालिक के पास डम्प की अनुमति खनिज विभाग से नहीं है। सभी डम्प संचालक अवैध ढंग से बालू-गिट्टी का डम्प कर लोगों को लूटने का गोरखधंधा जारी किये हैं। इन अवैध डम्प संचालकों पर जिला खनिज अधिकारी कब कार्यवाही करेंगे। अवैध डम्प संचालकों पर कार्यवाही न होने से दिन-प्रतिदिन नये डम्प खुलते जा रहे हैं। लोगों ने मांग किया है कि अवैध डम्प संचालकों पर जल्द कार्यवाही की जाये, ताकि राजस्व को क्षति न हो।

# विद्युत की आंख-मिचैली से जनजीवन अस्त-व्यस्त, पेयजल को मचा हाहाकार

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** समाजसेवियों ने विद्युत समस्या पर एसडीएम राजापुर को सौंपे ज्ञापन में विद्युत आपूर्ति दुरुस्त कराने की मांग की है। तुलसी जन्मस्थली राजापुर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही से कस्बे समेत ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत की आंख-मिचैली से कई दिनों से उमस भरी गर्मी में लोग परेशान हैं।

गुरुवार को समाजसेवियों ने एसडीएम राजापुर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि नगर पंचायत व विस्तारित क्षेत्र समेत ग्रामीण क्षेत्रों में उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना दूभर हो गया है। धान की बेड सूख रही है। किसानों में आक्रोश है। विद्युत विभाग के अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। किसानों व आम जनता में हाहाकार मचा है। जनजीवन विद्युत आपूर्ति सही ढंग से न होने से अस्त-व्यस्त हो गया है। समाजसेवी सुनील मिश्रा, शंकर दयाल जायसवाल, प्रमोद द्विवेदी, श्रवण कुमार पांडेय, अखिलेश द्विवेदी आदि ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की लापरवाही से लो-वोल्टेज व आंख-मिचैली तथा फाल्ट के नाम पर कई घंटे बिजली बंद रहती है। लोग एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। कुछ दिन पहले अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता विद्युत वितरण उपखंड राजापुर के तबादले के बाद मीटर विभाग के अधिकारियों को चार्ज मिला है। इससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। कर्मचारी निरंकुश हो गए हैं। यमुना के प्रदूषित पानी को पीने को मजबूर हैं। विद्युत वितरण उपखंड राजापुर के कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आंख-मिचैली के चलते पेयजल व्यवस्था धड़ाम हो चुकी है। जनजीवन अस्त- व्यस्त हो रहा है। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत दिन व रात में कई घंटे बंद रहती है। लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। पेयजल को हाहाकार मचा है। सवेरे से देर रात तक हैण्डपम्पों में भीड़ जुटी रहती है। पानी को आये दिन तू-तू मैं-मैं होती है। समाजसेवियों ने चेताया कि विद्युत आपूर्ति पांच दिन में बहाल न होने पर कस्बावासी धरना-प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता का चार्ज मीटर विभाग के इंचार्ज रामचंद्र पटेल व सहायक अभियंता का चार्ज आलम अंसारी लिये हैं। वे समस्या से निजात नहीं दिला पा रहे। एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने कहा कि विद्युत समस्या को अधिशासी अभियंता विद्युत से पत्राचार किया है। जल्द समस्या निदान को कडे निर्देश दिये हैं।



एसडीएम को ज्ञापन देते समाजसेवी।

## आज होगा विद्युत अधिकारियों का घेराव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान शुक्रवार 19 जुलाई को जिले में अघोषित विद्युत कटौती व विद्युत अधिकारियों की गैर जिम्मेदाराना हरकतों व जनता तथा जनप्रतिनिधियों के फोन न उठाने आदि लापरवाही के विरोध में पूर्वान्ह 11 बजे से अधिशाषी अभियंता विद्युत कार्यालय पटेल तिराहा का घेराव किया जायेगा। घेराव में जनता जनार्दन से पहुंचने का विधायक ने अनुरोध किया है।



निरीक्षण करते एसडीएम।

# एसडीएम ने सीएचसी का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर नाराजगी जताई। दो दिन के अन्दर सभी व्यवस्थायें दुरुस्त करने के निर्देश दिये।

गुरुवार को एसडीएम ने निरीक्षण दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कमरों में पंखे न मिलने व शौचालय गंदे मिले। एसडीएम ने कहा कि चिकित्सालय अधीक्षक को इस बाबत बताया जा चुका है। इसके बाद भी सफाई व्यवस्था ठीक न रहना आपत्तिजनक है। दो दिन के अन्दर अस्पताल की सफाई दुरुस्त करायें। अन्यथा कार्यवाही को उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा जायेगा। उन्होंने अस्पताल में मरीजों से इलाज में मिलने वाली सुविधाओं बाबत जानकारी ली। निर्देश दिये कि मरीजों को बाहर की दवा न लिखी जाये। शासन से पर्याप्त दवायें भेजी जाती हैं। मरीजों को गुमराह न करें। एक्स-रे मशीन को सही ढंग से चलायें। अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था अस्पताल में होनी चाहिए। गर्मी व उमस के मद्देनजर प्रसव वार्ड में व्यवस्थायें दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।

## पालिका पर फ्री होल्ड बिना नजूल भूमि पर कब्जे का आरोप, डीएम से की जांच की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका कर्वी के पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने सूबे के मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को लिखे पत्र में नगर पालिका परिषद कर्वी के सरकारी नजूल भूमि को बिना फ्री होल्ड कराये शासन के नियमों की अवहेलना का आरोप लगाया है।

गुरुवार को पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने सूबे के मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि नगर पालिका परिषद कर्वी ने नजूल भूमि तुलसी स्मारक सभा की भूमि पर शासन से फ्री होल्ड कराये बिना किस नियम से कार्यालय बनवा रही है। क्या जिलाधिकारी ने पालिका को मौखिक रूप से जमीन आवंटन का अधिकार दिया है। राजस्व अभिलेखों में अंकित नजूल भूखंड संख्या 613 क्षेत्रफल तीन बीघा, जो 1915 से तुलसी स्मारक सभा के नाम पट्टा है। समय-समय पर पट्टे का नवीनीकरण हो रहा है। उसके अनुसार 2025 तक तुलसी स्मारक सभा के नाम आवंटित है। नजूल भूखंड 613 तुलसी स्मारक सभा के नाम निरस्त कर अन्य को आवंटित की गई है या नहीं। नजूल भूखंड संख्या 613 क्या नगर पालिका परिषद के नाम फ्री होल्ड है या नहीं। क्या नजूल भूखंड 613 जिलाधिकारी ने नगर पालिका को निर्माण की अनुमति दी है। उन्होंने इन बिंदुओं पर जांच की मांग की है, ताकि शासन के नियमों की अवहेलना न हो सके।



पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव।

## जिलाध्यक्ष-पूर्व सांसद ने की परिजनों से भेंट

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी व पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने पुलिस हिरासत में मृतक अंशू के घर पहुंचकर घटना बाबत पीड़ितों से जानकारी लेकर न्याय दिलाने का भरोसा दिया। गुरुवार को मृतक अंशू पुत्र स्व नत्थू आर्यनगर के घर देर शाम चार बजे भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी व पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने पीड़ित के घर जाकर परिजनों से घटना बाबत जानकारी ली। न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस मौके पर भाजपा के दर्जनों नेता मौजूद रहे।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में गाजा पट्टी में तत्काल युद्ध विराम का आह्वान, बंधकों की बिना शर्त रिहाई का आग्रह किया




**न्यूयॉर्क:** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में गाजा पट्टी में तत्काल और पूर्ण युद्धविराम की अपनी मांग दोहराई है. साथ ही बिना किसी शर्त के बंधकों को रिहा करने का आह्वान किया है. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) में बुधवार को मध्य पूर्व पर खुली बहस हुई. इसमें संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप प्रतिनिधि आर रविन्द्र ने पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न रूपों में फिलिस्तीन को भारत की ओर से कई गई सहायता का उल्लेख किया। रविन्द्र ने कहा कि फिलिस्तीन को भारत की विकास सहायता लगभग 120 मिलियन अमेरिकी डॉलर के करीब है. भारत उन देशों में शामिल था, जिन्होंने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए आतंकवादी हमलों की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा की थी. उन्होंने कहा, 'हमने इजराइल-हमास संघर्ष में नागरिकों की जान जाने की भी निंदा की है. हमने संयम बरतने, तनाव कम करने का आह्वान किया है और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया है। उन्होंने सभी परिस्थितियों में अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने का आग्रह किया. इसके साथ गाजा पट्टी में तत्काल, पूर्ण और संपूर्ण युद्धविराम, सुरक्षित, समय पर और निरंतर मानवीय सहायता और राहत और आवश्यक मानवीय सेवाओं तक अप्रतिबंधित पहुंच का आह्वान दोहराया. राजदूत आर रविंद्र ने कहा, 'इसके अलावा, हम सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई का भी आह्वान करते हैं। उन्होंने इजराइल और फिलिस्तीन के नेतृत्व के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए कतर और मिस्र जैसे देशों की भूमिका की भी सराहना की. उन्होंने कहा, 'हमने सभी प्रासंगिक बहुपक्षीय मंचों पर अपनी स्थिति को लगातार दोहराया है. भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए खड़ा है. हमारा दीर्घकालिक दृष्टिकोण यह रहा है कि हम दो-राज्य समाधान का समर्थन करते हैं, जिसमें मान्यता प्राप्त और पारस्परिक रूप से सहमत सीमाओं के भीतर एक संप्रभु, व्यवहार्य और स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य की स्थापना शामिल है. साथ ही फिलिस्तीन इजराइल के साथ शांतिपूर्वक रह सके. राजदूत ने कहा, 'इजराइल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, पिछले महीने जॉर्डन में आयोजित गाजा के लिए तत्काल मानवीय प्रतिक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय उच्च स्तरीय सम्मेलन में भारत का वरिष्ठ स्तर पर प्रतिनिधित्व किया गया था।

## समान और व्यवस्थित विश्व बहुध्रुवीकरण को संयुक्त रूप से बढ़ावा दे : चीनी प्रतिनिधि



**बीजिंग।** अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और बहुपक्षीय सहयोग पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस मंगलवार को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित की गई, जिसमें चीनी प्रतिनिधि ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अधिक न्यायपूर्ण और उचित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के निर्माण को बढ़ावा देने, संप्रभु समानता की रक्षा करने, प्रत्येक देश को बहुध्रुवीय प्रणाली में अपनी स्थिति खोजने और अपनी उचित भूमिका निभाने की अनुमति देने तथा संयुक्त रूप से एक समान और व्यवस्थित विश्व बहुध्रुवीयता को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

संयुक्त राष्ट्र स्थित चीनी स्थायी प्रतिनिधि फू थ्सोंग ने कहा कि विभिन्न देशों को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए, एक-दूसरे के मूल हितों और प्रमुख चिंताओं का ध्यान रखना चाहिए, प्रत्येक देश के लोगों द्वारा स्वतंत्र रूप से चुने गए विकास पथों और संस्थागत मॉडलों का सम्मान करना चाहिए, और अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। बातचीत के माध्यम से विवादों को सुलझाना और परामर्श के माध्यम से मतभेदों को हल करना चाहिए। अधिक संतुलित, प्रभावी और टिकाऊ सुरक्षा वास्तुकला का निर्माण करना चाहिए।

उन्होंने बल देते हुए कहा कि विश्व में केवल एक ही व्यवस्था है, और वह है अंतर्राष्ट्रीय कानून पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था। नियमों का केवल एक ही सेट है, जो संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी मानदंड हैं।

फू थ्सोंग ने यह भी कहा कि शीत युद्ध से बचे एक क्षेत्रीय सैन्य समूह के रूप में, नाटो अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार करना चाहता है, झूठी कहानियां बनाने के लिए उत्सुक है, हर जगह आग में घी डालता है, शिविरों के बीच टकराव को भड़काता है, और यहां तक कि यूक्रेन के लिए क्षेत्र के बाहर के देशों को भी दोषी ठहराता है। यह शांति और वार्ता को बढ़ावा देने के अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों के विपरीत है।

उन्होंने कहा कि इतिहास ने पूरी तरह साबित कर दिया है कि जहां भी नाटो के काले हाथ बढ़ेंगे, अशांति और अराजकता सामने आएगी। चीन नाटो और कुछ देशों को सलाह देता है कि वे खुद पर विचार करें और ऐसे उपद्रवी बनना बंद करें जो दूसरों की कीमत पर खुद को फायदा पहुंचाते हैं और आम सुरक्षा को कमजोर करते हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## त्रिवेणी नदी की भयानक दास्तां : 32 साल पहले 42 यात्रियों के साथ नदी में गिरी बस का अब तक नहीं मिला कोई सुराग




**काठमांडू।** नेपाल की त्रिवेणी नदी में शुक्रवार को दो यात्री बसों के गिरने का पूरा एक हफ्ता हो गया लेकिन अब तक इन दोनों बसों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। 65 में से अब तक सिर्फ 19 शव ही बरामद किए जा सके हैं। इस नदी को मिस्ट्री रिवर के नाम से भी बुलाया जाता है।

यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी बस के त्रिवेणी नदी में डूबने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। 32 साल पहले 42 यात्रियों के साथ नदी में गिरी बस को भी आज तक नहीं खोजा जा सका है।

नेपाल में इसी तरह की एक और बस दुर्घटना 32 साल पहले हुई थी। सन् 1992 में एक यात्री बस काठमांडू की तरफ आ रही थी। बस में चालक दल सहित कुल 42 यात्री सवार थे। चितवन के पास त्रिवेणी नदी के किनारे घुमावदार रास्तों में बस के चालक को झपकी आ गई और बस अनियंत्रित होकर त्रिवेणी नदी में गिर गई। उस समय भी इस बस को काफी ढूंढा गया लेकिन 32 सालों बाद भी अब तक ना तो बस का कोई टुकड़ा मिला और ना ही एक भी शव मिल पाया।

त्रिवेणी नदी में कई ट्रक, ट्रेक्टर, जीप भी दुर्घटनाग्रस्त हो कर गिरी हैं लेकिन उनमें से एकाध गाड़ियों का अवशेष मिल पाया है या फिर शायद ही कभी सवारी साधन के साथ डूबे यात्रियों का कोई सुराग मिल पाया है। इस बार की बस दुर्घटना में 65 में से अब तक सिर्फ 19 यात्रियों के शव ही मिल पाए हैं। जिनके शव नहीं मिले हैं, उनमें से कई परिवार वालों ने कुश का शव बनाकर उनका अंतिम संस्कार करने की परंपरा निभाई है, क्योंकि अब इनके बचकर आने की बात असंभव ही है।

## नेपाल में ओली की प्रधानमंत्री पद पर नियुक्ति और शपथ ग्रहण को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



**काठमांडू।** नेपाल में केपी शर्मा ओली की प्रधानमंत्री पद पर नियुक्ति और शपथ ग्रहण को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस संबंध में दायर याचिका में पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के करीबी वकीलों ने नियुक्ति और शपथ ग्रहण को असंवैधानिक होने का दावा किया है।

याचिका में राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल के प्रचंड को प्रधानमंत्री से पदमुक्त करने के बाद नई सरकार बनाने के लिए किए गए आह्वान को असंवैधानिक बताया गया है। याचिका में कहा गया है कि संविधान की धारा 76(2) के मुताबिक प्रचंड को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। प्रचंड सदन में अपना बहुमत साबित नहीं कर पाए तो राष्ट्रपति को संविधान की धारा 76(3) के तहत सरकार बनाने का आह्वान करना चाहिए। लेकिन 76(2) के तहत सरकार बनाने का आह्वान कर ओली को प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त करना संविधान के विपरीत है

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को सुनवाई के लिए मंजूर करते हुए इस पर 21 जुलाई को सुनवाई की तारीख तय की है। उधर, ओली 21 जुलाई को सदन में विश्वास प्रस्ताव पेश करने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि नेपाल के संविधान में सरकार गठन को लेकर तीन अलग प्रावधान है। संविधान की धारा 76(1) के तहत स्पष्ट बहुमत प्राप्त राजनीतिक दल के नेता को प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करने का प्रावधान है। यदि किसी भी पार्टी को चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं आता है तो संविधान की धारा 76(2) के तहत दो या दो से अधिक दलों के उस गठबंधन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया जाता है जिसके पास बहुमत सांसदों का समर्थन हो। धारा 76(1) और 76(2) के तहत भी यदि सरकार का गठन नहीं हो पाता है तो राष्ट्रपति के तरफ से प्रतिनिधि सभा के सबसे बड़ी पार्टी के संसदीय दल के नेता को संविधान की धारा 76(3) के तहत प्रधानमंत्री पद पर सीधे नियुक्त करने का प्रावधान है। इसके बाद प्रधानमंत्री को संविधान की धारा 76(4) के तहत 30 दिनों के भीतर सदन में विश्वास का मत हासिल करना होगा। यदि इन तीनों प्रावधान में भी किसी सरकार को बहुमत नहीं मिल पाता है संविधान की धारा 76(5) के तहत प्रतिनिधि सभा के किसी भी सांसद जिसके पक्ष में बहुमत सांसदों का हस्ताक्षर होता है उसके तहत प्रधानमंत्री पद पर नियुक्ति किया जा सकता है। इस प्रावधान में दलों का व्हिप लागू नहीं होता। राष्ट्रपति के पास बहुमत सांसदों के हस्ताक्षर सहित दावा पेश करना होता है। मौजूदा याचिका में ओली की प्रधानमंत्री पर नियुक्ति को अवैध बताते हुए धारा 76(3) के अंतर्गत सबसे बड़े दल नेपाली कांग्रेस संसदीय दल के नेता शेरबहादुर देउवा को प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त करने की मांग की गई है।

## चीन के शॉपिंग मॉल में लगी आग, 16 लोगों की मौत




**बीजिंग:** एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से दक्षिण -पश्चिमी चीनी शहर जिगोंग में 16 लोगों की मौत हो गई. राज्य मीडिया ने यह जानकारी दी. आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अग्निशामकों और बचाव दल ने बुधवार को 14-मंजिला वाणिज्यिक भवन में बुधवार शाम 6 बजे के बाद आगे लगने की सूचना मिली. तुरंत कार्यवाही करते हुए फायर ब्रिगेड की टीम घटना स्थल पर पहुंची.

आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, टीम ने 75 लोगों को रेस्क्यू किया. जानकारी के मुताबिक, खबर लिखे जाने तक बचाव के प्रयास जारी थे. आग लगने का कारण और आग लगने के वक्त मॉल में कितने लोग थे यह ज्ञात नहीं है. बिल्डिंग में एक डिपार्टमेंटल स्टोर, कार्यालय, रेस्तरां और एक मूवी थियेटर है. सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में इमारत के निचले हिस्से की खिड़कियों से काला धुंआ उठता हुआ नजर आ रहा है. 14 मंजिला मॉल की इमारत में लगभग पर फ्लोर पर आग लग गई. सोशल मीडिया पर वीडियो में विशाल आग की लपटें दिखाई दे रही हैं. स्थानीय मीडिया ने कहा कि अग्निशामकों ने भी आग बुझाने के लिए कई ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। नेशनल फायर एंड रेस्क्यू एडमिनिस्ट्रेशन के प्रवक्ता ली वानफेंग ने बताया कि इस साल 20 मई तक आग लगने की 947 घटनायें हुई हैं. ली ने कहा कि होटल और रेस्तरां जैसे सार्वजनिक स्थानों पर आग की संख्या 40% बढ़ी और सबसे आम कारण विद्युत या गैस लाइनों और लापरवाही में खराबी कर रहे थे.

जनवरी में, एक आग ने दक्षिण -पूर्वी चीनी प्रांत जियांग्सी में एक वाणिज्यिक इमारत में 39 लोगों की मौत हो गई. यह तहखाने में अनधिकृत वेल्डिंग के कारण हुआ था. फरवरी में, पूर्वी शहर नानजिंग में एक आवासीय इमारत में एक और 15 लोग मारे गए, एक संलग्न पार्किंग के बाद, जिसमें इलेक्ट्रिक बाइक में आग लग गई थी.

## भारत के ऊर्जा मंत्री खट्टर का नेपाल दौरा 28 जुलाई को, विद्युत व्यापार समझौते पर होंगे हस्ताक्षर




**काठमांडू।** भारत के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर इसी महीने के आखिरी सप्ताह में नेपाल का दौरा करने वाले हैं। भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद भारत सरकार के किसी मंत्री की यह पहली नेपाल यात्रा होगी।

नेपाल, भारत और बांग्लादेश के बीच होने जा रहे त्रिदेशीय विद्युत व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के लिए भारत के ऊर्जा मंत्री का नेपाल दौरा महत्वपूर्ण है। नेपाल के ऊर्जा तथा जलस्रोत मंत्री दीपक खड्का ने बताया कि भारत के रास्ते बांग्लादेश तक नेपाल के बिजली बेचने का सपना साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर 28 जुलाई को काठमांडू पहुंचने वाले हैं

ऊर्जा मंत्री खड्का के मुताबिक बांग्लादेश के विद्युत राज्य मंत्री नसरूल हामीद को भी आमंत्रित किया गया है। तीनों देशों के ऊर्जा मंत्री की उपस्थिति में त्रिदेशीय विद्युत व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये जायेंगे। इस समझौते के तहत नेपाल अपनी बिजली भारत के रास्ते बांग्लादेश को बेच सकती है। भारत सरकार की तरफ से पहले ही इस बारे में समझौता हो चुका है।

## अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन का कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव

**लास वेगास।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन का यहां की गई जांच में




कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया है। उन्हें वैक्सीन लगाने के साथ बूस्टर भी दिया गया है। वो कोविड के हल्के लक्षण महसूस कर रहे हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि राष्ट्रपति लास वेगास से डेलावेयर लौटेंगे। वहां वे खुद को आइसोलेट करेंगे और इस दौरान अपने सभी कर्तव्यों का पालन करेंगे। व्हाइट हाउस राष्ट्रपति की स्थिति के बारे में नियमित अपडेट प्रदान करेगा।

प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने कहा है कि बाइडेन कोरोना संक्रमित होने की वजह से आगामी कार्यक्रमों को संबोधित नहीं करेंगे। राष्ट्रपति एकांतवास में रहते हुए कार्यालय के पूर्ण कर्तव्यों का पालन करेंगे। उल्लेखनीय है कि जो बाइडेन अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सामना कर रहे हैं।

## जर्मनी: डॉयचे बान ने पांच महीने के लिए बंद किया मुख्य रेल मार्ग

फ्रैंकफर्ट और मानहाइम के बीच डॉयचे बान का यातायात दिसंबर के मध्य तक रोक दिया गया है, क्योंकि जर्मन रेल ऑपरेटर आधुनिकीकरण परियोजना पर काम कर रहा है. अनुमान है कि हर दिन 75,000 से अधिक लोग इससे प्रभावित होंगे। जर्मनी में रेलवे ऑपरेटर डॉयचे बान (डीबी) ने 15 जुलाई से फ्रैंकफर्ट और मानहाइम के बीच 70 किलोमीटर के हिस्से में रेल यातायात रोक दिया है, जो 14 दिसंबर तक जारी रहेगा. जर्मनी की सबसे व्यस्त रेलवे लाइनों में से एक पर नवीनीकरण का काम यूरो कप 2024 फुटबॉल चैंपियनशिप के बाद शुरू करने की योजना बनाई गई थी।

टूर्नामेंट के दौरान ट्रेनों के देरी से आने और रद्द होने के कारण डीबी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा. रेल ऑपरेटर ने 12 जुलाई को कहा कि टूर्नामेंट के दौरान उसकी समय की पाबंदी "मिली-जुली" रही. साथ ही, उसने कहा कि उसने "रेलवे सिस्टम का अधिकतम लाभ लिया, लेकिन पुराने और ओवरलोडेड बुनियादी ढांचे के कारण उसके पास सीमित संभावनाएं थीं."

फ्रैंकफर्ट और मानहाइम के बीच ट्रेनें क्यों नहीं चल रही हैं?

जर्मन परिवहन मंत्री फोल्कर विसिंग ने कहा कि यूरो कप 2024 से पहले नवीनीकरण परियोजना शुरू की जाती तो यातायात में और भी अधिक समस्याएं होतीं. डीबी ने कहा कि वह "आने वाले वर्षों की सभी नियोजित निर्माण परियोजनाओं को नवीनीकरण कार्य के एक चरण में समेट रहा है." उसने कहा कि पांच महीने के अंदर काम "रिकॉर्ड गति से किया जाएगा." जर्मन रेल ऑपरेटर ने कहा, "केवल पांच महीनों में फ्रैंकफर्ट और मानहाइम के बीच लाइन पर सुपर स्ट्रक्चर, शोर अवरोधक और सिग्नलिंग टेक्नोलॉजी का नवीनीकरण किया जाएगा और 20 स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जाएगा. पहली बार नियोजित नवीनीकरण के दौरान नेटवर्क और स्टेशनों दोनों पर ध्यान दिया जाएगा।"

## बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ छात्रों का देशव्यापी बंद, आंदोलन हुआ उग्र, ढाका में पुलिस ने किया बल प्रयोग, मौत से गुस्सा, आगजनी




**ढाका।** बांग्लादेश में छात्रों का आरक्षण के विरोध में शुरू आंदोलन उग्र हो गया है। देशव्यापी बंद का आज दूसरा दिन है। पहले दिन अपराह्न तीन बजे के बाद आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच जमकर झड़प हुई है। ढाका में हिंसा और आगजनी को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान एक आंदोलनकारी की मौत हो जाने से विद्यार्थियों का गुस्सा भड़क गया। इसके विरोध में छात्रों ने कई जगह आगजनी की। सुरक्षा एजेंसियों को टकराव बढ़ने की आशंका है।

ढाका ट्रिब्यून और द डेली स्टार समाचार पत्र के अनुसार, आंदोलन ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। पुलिस अधिकारी आंदोलन से निपटने की रणनीति बनाने का दावा तो कर रहे हैं पर उसका विवरण देने से बच रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि आंदोलनकारियों के सड़कों पर उतरकर जनता को परेशान करने पर नरमी नहीं बरती जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने कानून का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का आह्वान किया है।.

ढाका के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक इनामुल हक सागर ने कहा है कि किसी भी मांग के नाम पर अराजक स्थिति पैदा करना, कानून-व्यवस्था को खराब करना, सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालना और संपत्ति को नुकसान पहुंचाना स्वीकार्य नहीं है। अगर आज सड़कें अवरुद्ध की जाती हैं तो सख्ती से निपटा जाएगा। सभी संवेदनशील इलाकों, विश्वविद्यालयों के आसपास अतिरिक्त पुलिस तैनात किया गया है। ढाका विश्वविद्यालय के आसपास बख्तरबंद कर्मचारियों को पानी की बौछार करने वाली मशीनों को तैनात किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी के सभी विश्वविद्यालयों के छात्रावासों को खाली करा लिया गया है। आंदोलनकारियों को राजधानी के स्कूलों और कॉलेजों में घुसने से रोकने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की गुप्तचर शाखा के प्रमुख हारुनोर रशीद ने कल दोपहर ढाका विश्वविद्यालय परिसर में पत्रकारों से कहा कि छात्र आरक्षण आंदोलन को राजनीतिक दलों का समर्थन मिलने से हालात बिगड़े हैं। बताया गया है कि बुधवार शाम सात बजे तक ढाका विश्वविद्यालय के सभी छात्रावास खाली करा लिए गए। आधीरात अचानक छात्रों का एक समूह ढाका विश्वविद्यालय क्षेत्र की तरफ बढ़ने लगा। यह देखकर पुलिस ने चेताया तो जतराबारी-शोनिर अखरा क्षेत्र में आग लगा दी गई। यहां हुई झड़प में दर्जनों लोग घायल हो गए और एक आंदोलनकारी की मौत हो गई।